रविवार, 15 दिसम्बर 2024

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।


www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष पूर्णिमा, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 25 – 12 |
| आर्द्रता | 42% |
| सूर्योदयः 6:10 | सूर्यास्तः 16:55 |



संभल जिला प्रशासन ने अतिक्रमण रोधी अभियान के दौरान पुराने मंदिर को खोला –पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ दो, चार और पांच पर

सुविचार : खुद को खुश रखने के तरीके खोजें, तकलीफें तो आपको खोज ही लेती हैं।

# हमारी सरकार ने संविधान मजबूत किया, कांग्रेस ने 'खून चखने' के बाद इसे 'लहूलुहान' किया : मोदी



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस ने 'खून चखने' के बाद संविधान को बार-बार 'लहूलुहान' किया जबकि 2014 में सत्ता संभालने के बाद से उनकी सरकार की नीतियों और फैसलों का उद्देश्य संविधान की दृष्टि के अनुरूप भारत की ताकत और एकता को बढ़ावा देना है। उन्होंने भारतीय संविधान की 75 साल की यात्रा को 'असाधारण' करार दिया और विपक्ष, खासकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि इस दौरान 55 साल 'एक ही परिवार' ने राज किया, जिसने देश का संविधान छिन्न-भिन्न करते हुए आपातकाल लगाया, अदालत के 'पंख' काट दिए और संसद का 'गला घोंटने' तक का काम किया। 'संविधान के 75 वर्ष की गौरवशाली यात्रा' पर लोकसभा में हुई चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए संविधान और उसकी पवित्रता व शुचिता सर्वोपरि है और यह सिर्फ शब्दों तक सीमित नहीं है। मोदी ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों पर निशाना साधते हुए उन पर देश की विविधता में 'जहरीले' बीज बोने का आरोप लगाया ताकि देश में विरोधाभासों को बल मिल सके और उसकी एकता को नुकसान पहुंचे। उन्होंने कहा, ''संविधान का दुरुपयोग करना और उसकी आत्मा को नष्ट करना कांग्रेस के डीएनए का हिस्सा रहा है। हमारे लिए संविधान, इसकी पवित्रता और इसकी अखंडता का सबसे बड़ा महत्व है। ये सब सिर्फ शब्दों में नहीं है... जब-जब हमे कसौटी पर कसा गया, तब-तब पाया गया कि हम तप करके निकले हुए लोग हैं...।'' प्रधानमंत्री ने देशवासियों के समक्ष अपने 11 संकल्प भी पेश किए, जिनमें हाशिए पर मौजूद वर्गों के लिए मौजूदा आरक्षण को बरकरार रखना लेकिन धर्म आधारित आरक्षण का कड़ा विरोध करना शामिल है। मोदी ने कहा कि संविधान सभा ने व्यापक चर्चा के बाद धर्म आधारित आरक्षण के खिलाफ फैसला किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस अब अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए धर्म के आधार पर आरक्षण का वादा कर रही है। प्रधानमंत्री के 110 मिनट के भाषण के अंत में, उनके द्वारा प्रस्तावित 11 संकल्पों में परिवारवाद की राजनीति खत्म करने, शासन में भाई-भतीजावाद के बजाय योग्यता को बढ़ावा देने और भ्रष्टाचार कतई बर्दाश्त न करने का संकल्प भी शामिल था। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकारों ने भी संविधान संशोधन किए हैं लेकिन वह देश की एकता, अखंडता और उज्ज्वल भविष्य के लिए थे।

## 'गरीबी हटाओ' भारत के इतिहास का सबसे बड़ा जुमला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत के इतिहास का सबसे बड़ा जुमला 'गरीबी हटाओ' है। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 'गरीबी हटाओ' नारा दिया था। संविधान की 75वीं वर्षगांठ पर लोकसभा में दो दिवसीय चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि एक शब्द है जो कांग्रेस को बहुत पसंद है। उन्होंने कहा, ''उनका (कांग्रेस का) सबसे पसंदीदा शब्द, जिसके बिना वे नहीं रह सकते... वह 'जुमला' है।'' प्रधानमंत्री ने जब यह बात कही तो विपक्ष, खासकर कांग्रेस के सदस्यों ने 'अदाणी-अदाणी' के नारे लगाए। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल प्रधानमंत्री मोदी और सत्तारूढ़ दल द्वारा किए गए वादों को अक्सर 'जुमला' कहकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर हमला बोलते रहे हैं। कई अवसरों पर विपक्ष ने भाजपा को 'भारतीय जुमला पार्टी' भी करार दिया है। मोदी ने कहा, ''कांग्रेस में हमारे मित्र दिन-रात 'जुमला' शब्द का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन यह देश जानता है कि भारत में सबसे बड़ा जुमला, जिसे चार पीढ़ियों ने इस्तेमाल किया है, वह 'गरीबी हटाओ' है।''

## कांग्रेस के माथे से कभी आपातकाल का कलंक नहीं मिट सकेगा

आपातकाल को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को लोकसभा में कहा कि विपक्षी दल के माथे से यह कलंक कभी नहीं मिट सकेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने सदन में 'संविधान के 75 वर्ष की गौरवशाली यात्रा' पर चर्चा का जवाब देते हुए आपातकाल का उल्लेख किया और कहा, ''दुनिया में जब भी लोकतंत्र की चर्चा होगी तो कांग्रेस के माथे से कभी यह कलंक मिट नहीं सकेगा क्योंकि लोकतंत्र का गला घोंट दिया गया था। भारतीय संविधान निर्माताओं की तपस्या को मिट्टी में मिलाने की कोशिश की गई थी।''

देश में 'संविधान बनाम मनुस्मृति' की लड़ाई, एकलव्य की तरह युवाओं का अंगूठा काटा जा रहा हैः राहुल (पृष्ठ 7)

## भाजपा के वरिष्ठ नेता आडवाणी आईसीयू में भर्ती, हालत स्थिर



**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी को यहां इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अस्पताल ने एक बयान जारी करके कहा, ''भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी जी को जांच के लिए इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है।'' बयान में कहा गया कि ''वह डॉ. विनीत सूरी की देखरेख में हैं और उनकी हालत स्थिर है।'' सूरी न्यूरोलॉजी विभाग के 'सीनियर कंसल्टेंट' हैं। अस्पताल ने फिलहाल यह जानकारी नहीं दी कि आडवाणी को अस्पताल में क्यों भर्ती कराया गया है। एक सूत्र ने बताया कि 96 वर्षीय नेता को करीब दो दिन पहले अस्पताल लाया गया था। उन्हें इस वर्ष की शुरुआत में भी इसी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

## इंजीनियर आत्महत्या मामला: पत्नी और रिश्तेदारों ने अग्रिम जमानत के लिए याचिका दायर की

**प्रयागराज :** इंजीनियर अतुल सुभाष की आत्महत्या के मामले में उनकी पत्नी और ससुराल वालों ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है। अग्रिम जमानत याचिकाएं सुभाष की पत्नी निकिता सिंघानिया, उनकी मां निशा सिंघानिया, भाई अनुराग सिंघानिया और चाचा सुशील सिंघानिया ने दायर की हैं। बेंगलुरु सिटी पुलिस ने शुक्रवार को निकिता सिंघानिया को समन जारी करके तीन दिन में पेश होने के लिए कहा था। सुभाष (34) ने कथित तौर पर अलग रह रहीं पत्नी और उनके परिवार के सदस्यों द्वारा उत्पीड़न किए जाने के कारण बेंगलुरु में आत्महत्या कर ली थी। निकिता सिंघानिया और उनके रिश्तेदारों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है।

## केष्टोपुर में महिला की हत्या का मामला पुलिस ने चार घंटे में सुलझाया, फेसबुक फ्रेंड गिरफ्तार

- आरोपी को 14 दिनों की पुलिस हिरासत



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के केष्टोपुर में हुई महिला के हत्या की गुत्थी को बागुईआटी थाने की पुलिस ने चार घंटे के अंदर सुलझा लिया है। दरअसल, गत शुक्रवार को केष्टोपुर के रवींद्रपल्ली इलाके की रहने वाली अभिशिक्ता दे साहा का शव उसके कमरे के अंदर बिस्तर पर पड़ा हुआ मिला था और उसके गले में गमछा लटका हुआ था। बताया गया है कि अभिशिक्ता ब्यूटी पार्लर में काम करती थी। घटना की जांच करते हुए पुलिस ने उसके फेसबुक और अन्य सोशल मीडिया अकाउंट की जांच की। फेसबुक से सुराग मिलने के बाद कौशिक साहा नाम के शख्स को बागुईआटी थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बिधाननगर एयरपोर्ट जोन के डीसी ऐश्वर्या सागर ने बताया कि अभिशिक्ता दे की शादी सात साल पहले हुई थी। उनका एक तीन साल का बेटा भी है। कुछ महीने पहले उनकी फेसबुक पर कौशिक से बातचीत हुई थी। दोनों में पहले दोस्ती, फिर प्यार हो गया। सूत्रों के मुताबिक, उन्होंने कालीघाट जाकर शादी भी कर ली थी। लेकिन, अभिशिक्ता ने बाद में इस रिश्ते से इनकार कर दिया। इसके बाद, कौशिक ने बदला लेने के लिए अपनी 'गर्लफ्रेंड' की हत्या कर दी। ऐसा पुलिस को शुरुआती जांच में पता चला है। बताया गया है कि घटना की सुबह अभिशिक्ता के पति के काम पर जाने के बाद उसका प्रेमी कौशिक महिला के घर आया। दोनों के बीच झगड़ा हुआ। इसी दौरान, कौशिक ने अभिशिक्ता की हत्या कर दी। शाम को घर लौटने के बाद अभिशिक्ता के पति ने अभिशिक्ता को कई बार आवाज लगाई, लेकिन कोई जवाब नहीं आया। मजबूर होकर उसने अपने पास मौजूद चाबी से घर का दरवाजा खोला। तभी, उसकी नजर अपनी पत्नी के अचेत शरीर पर पड़ी। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपित ने हत्या की बात कबूल कर ली है। इलाके के सीसीटीवी फुटेज से उसकी पहचान की गई। आरोपित को शनिवार 14 दिनों की पुलिस हिरासत में भेजा गया है और उससे आगे की पूछताछ की जाएगी। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि हत्या की कोई और वजह तो नहीं थी।

## आरजीकर कांड : दो आरोपियों को जमानत मिलने के खिलाफ फिर सड़क पर उतरे डॉक्टर

- सीबीआई की भूमिका पर उठाया सवाल, केंद्रीय जांच एजेंसी के कार्यालय के सामने किया प्रदर्शन
- मृतका के माता-पिता ने कहा... 'न्याय नहीं मिलने तक करते रहेंगे आंदोलन'
- राजनीतिक दलों ने भी कोलकाता में किया प्रदर्शन




**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजीकर अस्पताल में महिला डॉक्टर से दरिंदगी की घटना को लेकर आंदोलन फिर से तेज हो गया है। मामलों के दो आरोपियों अस्प-ताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष व टाला थाने के पूर्व प्रभारी अभिजीत मंडल को जमानत मिलने के विरोध में डॉक्टर शनिवार को फिर सड़क पर उतर गए। उन्होंने मामले की जांच कर रही सीबीआई की भूमिका पर सवाल उठाते हुए जुलूस निकाला और केंद्रीय जांच एजेंसी के साल्टलेक इलाके में स्थित कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। डॉक्टरों का आठ सदस्यीय प्रतिनिधिदल सीबीआई के अधिकारियों से भी मिला और उनसे सीधे सवाल किए। सीबीआई अधिकारियों ने उनसे कहा कि चार्जशीट हड़बड़ी में दाखिल नही की जा सकती। इसमें थोड़ा और समय लगेगा। डॉक्टरों ने धर्मतल्ला इलाके में भी सभा की, जहां मृतका के माता-पिता ने कहा कि न्याय नहीं मिलने तक वे आंदोलन करते रहेंगे। आरजीकर कांड को लेकर राजनीतिक गतिविधियां भी एकाएक तेज हो गई हैं। प्रदेश कांग्रेस की ओर से शनिवार को सीबीआई के निजाम पैलेस स्थित कार्यालय के सामने धरना दिया गया। इस दौरान वहां तैनात पुलिस कर्मियों के साथ उनकी धक्का-मुक्की हुई। वामपंथी दलों ने भी सीबीआई पर निष्क्रिय रहने का आरोप लगाकर विरोध-प्रदर्शन किया। माकपा के छात्र संगठन एसएफआई की ओर से कालेज स्ट्रीट में विरोध-प्रदर्शन किया गया, वहीं एसयूसीआई की ओर से करुणामयी में जुलूस निकाला गया।

## बंगाल के छात्रों का सिविल सेवा परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन, वे फिर नौकरशाही का नेतृत्व करेंगे : ममता



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भारतीय सांख्यिकी सेवा परीक्षा में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले सिंचन स्निग्धा अधिकारी और बिल्टू माजी को शनिवार को बधाई दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए छात्रों को प्रोत्साहित करने पर उनकी सरकार ने जोर दिया है, जिसका परिणाम सामने आ रहा है। ममता ने कहा कि पश्चिम बंगाल के छात्र सिविल सेवा परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं और वे भारतीय नौकरशाही का नेतृत्व करेंगे। दिन, मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि मुझे खुशी है कि इस साल यूपीएससी द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित भारतीय सांख्यिकी सेवा परीक्षा में बंगाल के दो अभ्यर्थियों ने पहला और दूसरा स्थान हासिल किया है। मैं दो सफल विजेताओं – सिंचन और बिल्टू को बधाई देती हूं। मैं यह भी देखती हूं कि अखिल भारतीय प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अपने बच्चों को प्रोत्साहित करने पर हमारा जोर ठोस परिणाम दे रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे छात्र आईएएस और आईपीएस परीक्षाओं में भी बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। राज्य सरकार का सत्येंद्रनाथ टैगोर सिविल सेवा अध्ययन केंद्र पहले से ही युवा और महत्वाकांक्षी छात्रों के लिए आकर्षण का केंद्र है, जो इन परीक्षाओं के लिए अत्यधिक सब्सिडी वाली उच्चस्तरीय मदद चाहते हैं। वे फिर से भारतीय नौकरशाही का नेतृत्व करेंगे। बता दें कि भारतीय सांख्यिकी सेवा परीक्षा के नतीजे शुक्रवार को घोषित किए गए। सिंचन और माजी ने क्रमशः पहला और दूसरा स्थान हासिल किया।

## सरकार मौजूदा आरक्षण पर अडिग, कांग्रेस ने मुसलमानों को आरक्षण देकर इसे कमजोर किया : शाह



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार इस बात पर अडिग है कि देश में मौजूदा आरक्षण व्यवस्था से कोई छेड़छाड़ नहीं की जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने मुसलमानों को अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग का कोटा देकर आरक्षण को कमजोर करने का काम किया है। शाह ने 'एजेंडा आज तक 2024' में कहा कि 31 मार्च 2026 तक देश नक्सल हिंसा की समस्या से मुक्त हो जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार मणिपुर में मेइती और कुकी दोनों समुदायों से बात कर रही है और मौजूदा स्थिति का समाधान निकलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, ''हमारी सरकार इस बात पर अडिग है कि देश में मौजूदा आरक्षण व्यवस्था से कोई छेड़छाड़ नहीं की जाएगी। यह कांग्रेस ही थी जिसने मुसलमानों को अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग का कोटा देकर उसे कमजोर किया।'' गृह मंत्री ने कहा, ''31 मार्च 2026 तक भारत नक्सल समस्या से मुक्त हो जाएगा। ऐसा मेरा दृढ़ विश्वास है। सुरक्षाबल उस दिशा में काम कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि कुछ जिलों को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों में नक्सल हिंसा समाप्त हो गई है। जम्मू-कश्मीर की स्थिति के बारे में पूछे जाने पर शाह ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में हिंसा में काफी कमी आई है और वहां लोकसभा, विधानसभा तथा स्थानीय निकाय चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से हुए हैं। जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की संभावना पर उन्होंने कहा कि यह सही समय पर किया जाएगा, लेकिन वह सार्वजनिक रूप से कोई समयसीमा नहीं बता सकते। शाह ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि हारने के बाद वह अहंकारी हो गए हैं। गृह मंत्री ने कहा कि कांग्रेस को याद रखना चाहिए कि वह 2024 का लोकसभा चुनाव हार गई है और भाजपा ने जितनी सीट जीती हैं, वह विपक्षी पार्टी पिछले तीन चुनावों में भी नहीं जीत पाई।






## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 15 दिसम्बर, रविवार, 2024, विक्रम सम्वत् 2081, मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष पूर्णिमा, 14:34 तक, नक्षत्र : मृगशीर्षा, 26:19 तक, योग : शुभा, 25:57 तक, सूर्योदय: 6:10, सूर्यास्त: 16:55 चन्द्रोदय : 16:45, चन्द्रास्त: 05:59, शक सम्वत: 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : वृश्चिक, चन्द्र राशि : वृषभ, राहू काल : 15:30 से 16:50

## साप्ताहिक : राशिफल
## 15-12-24 से 21-12-24



**मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ :**
मेष राशि के जातकों के जीवन में शुभता और सौभाग्य का साथ बना हुआ है। इस सप्ताह आपको करियर कारोबार से जुड़ा कोई बड़ा अवसर हाथ लग सकता है। सप्ताह के पूर्वार्ध में सत्ता-सरकार अथवा किसी संस्थान से जुड़े प्रभावी व्यक्ति के साथ आपके संबंध बनेंगे, जिसकी मदद से आप अपना कोई बड़ा काम निकालने में सफल हो जाएंगे। चूंकि आपका भाग्य इस समय प्रबल है इसलिए आप जिस दिशा में आप कदम आगे बढ़ाएंगे आपको उस ओर सफलता प्राप्त होगी।



**वृष : ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो :**
वृषभ राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह थोड़ा राहत भरा रह सकता है। इस सप्ताह आपको लंबे समय से चली आ रही किसी बड़ी समस्या से निदान मिल सकता है। हालांकि अभी भी आपको कोई भी कदम सोच-समझकर आगे बढ़ाने की आवश्यकता बनी रहेगी। इस सप्ताह आपको जोश में आकर होश खोने से बचना चाहिए। व्यवसाय से जुड़े लोग इस सप्ताह अपनी योजनाओं को आगे ले जाने का प्रयास करेंगे। इस कार्य में न सिर्फ नये लोग जुड़ंगे बल्कि आपके मित्रगण मददगार भी साबित होंगे लेकिन आपको जोखिम भरी योजनाओं में निवेश करने से बचना होगा।



**मिथुन : का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह :**
तंदुरुस्ती हजार नियामत है। मिथुन राशि के जातकों को इस सप्ताह इस कहावत को हर पल याद रखना होगा। निश्चित रूप से इस समय भाग्य आप पर मेहरबान है और आपको अपने कार्य में मनचाही सफलता भी मिल रही है लेकिन आपको अपने कामकाज की व्यस्तता के बीच अपनी सेहत और संबंध पर इस सप्ताह विशेष ध्यान देने की आवश्यकता रहेगी। सप्ताह की शुरुआत में आप मौसमी अथवा किसी पुरानी बीमारी के दोबारा उभरने से मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान हो सकते हैं।



**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो :**
कर्क राशि के जातक यदि इस सप्ताह अपने कार्य सूझबूझ और योजनाबद्ध तरीके से करते हैं तो उन्हें उम्मीद से कहीं ज्यादा सफलता मिल सकती है। इस सप्ताह आपको करियर और कारोबार से जुड़े बड़े अवसर हाथ लग सकते हैं। नौकरीपेशा लोगों पर उनके सीनियर मेहरबान रहते हुए कोई बड़ी जिम्मेदारी सौंप सकते हैं लेकिन आपको उसे निभाने के लिए अधिक परिश्रम और प्रयास करने की आवश्यकता बनी रहेगी। इस सप्ताह आप अपने कार्य को स्वयं बेहतर तरीके से करने का प्रयास करें अन्यथा दूसरों के भरोसे रहने पर उसमें अपेक्षित सफलता न मिल पाएगी।



**सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे :**
सिंह राशि के जातकों को इस सप्ताह कोई भी कदम खूब सोच समझकर उठाने की आवश्यकता रहेगी। सिंह राशि के जातकों को इस सप्ताह जोश में आकर होश खोने से बचना होगा। यदि आप व्यवसायी हैं तो आपको जोखिम भरने निवेश करने की गलती नहीं करनी चाहिए तथा लेनदेन में खूब सावधानी बरतें। इस सप्ताह आप अपने कागजी काम समय से निबटा लें अन्यथा आपको नाहक ही तमाम तरह की परेशानियां उठानी पड़ सकती हैं। नौकरीपेशा लोगों के लिए सप्ताह के मध्य का समय थोड़ा प्रतिकूल रह सकता है। इस दौरान आपको कार्यक्षेत्र में अपने विरोधियों से जूझना पड़ सकता है।



**कन्या : ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो :**
कन्या राशि के जातकों के सुख-सौभाग्य में इस सप्ताह कुछ कमी देखने को मिल सकती है। नौकरीपेशा लोगों को इस सप्ताह अपने कार्य में किसी भी प्रकार की ला-परवाही बरतने अथवा उसे दूसरे के भरोसे छोड़ने की गलती बिल्कुल नहीं करनी चाहिए। सप्ताह की शुरुआत में आपके सिर पर अचानक से कुछ बड़े खर्च आ सकती है। इस दौरान अनुचित खर्च करने का आपको बहुत ज्यादा मलाल रहेगा। संतान से जुड़ी कोई बड़ी समस्या भी आपकी चिंता का कारण बनेगी। खास बात यह कि आप चाहते हुए भी उसकी कोई मदद नहीं कर पाएंगे।



**तुला : रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते :**
तुला राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह गुडलक लिए हुए है। इस सप्ताह की शुरुआत में आपको कोई सुखद समाचार प्राप्त होगा। जिससे आपके घर-परिवार में खुशियों का माहौल बना रहेगा। आपको घर और बाहर दोनों जगह स्वजनों का सहयोग और समर्थन मिलता नजर आएगा। हर जगह लोगों का आपके प्रति सद्भाव निश्चित रूप से सकारात्मकता को बढ़ाने का कार्य करेगा। यह सप्ताह समाजसेवा और राजनीति से जुड़े लोगों की पद एवं प्रतिष्ठा को बढ़ाने वाला साबित होगा।



**वृश्चिक : तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू :**
वृश्चिक राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह अत्यंत ही शुभ रहने वाला है। इस सप्ताह आपको घर और बाहर दोनों जगह स्वजनों और शुभचिंतकों का पूरा सहयोग और समर्थन हासिल रहेगा। जिनकी मदद से आपक अपने सोचे हुए कार्य को समय पर बेहतर तरीके से करने में कामयाब हो जाएंगे। सप्ताह की शुरुआत व्यवसाय की दृष्टि से अत्यंत ही शुभ रहने वाली है। इस दौरान आप बाजार में आई तेजी का लाभ उठाने में कामयाब हो जाएंगे। आप अपने व्यावसायिक कौशल से अपने कारोबार का विस्तार करने में कामयाब रहेंगे।



**धनु : ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे :**
धनु राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह थोड़ा राहत भरा रहने वाला है। इस सप्ताह आपको अपने जीवन से जुड़ी तमाम समस्याओं का समाधान निकलता हुआ नजर आएगा। इस सप्ताह आप यदि पूरे मनोयोग के साथ अपने कार्य को करते हैं तो आपको उसमें निश्चित ही सफलता और लाभ की प्राप्ति होगी। व्यावसायिक दृष्टिकोण से सप्ताह का पूर्वार्ध आपके पक्ष में रहने वाला है। इस दौरान आपका कारोबार तेजी से आगे बढ़ता हुआ नजर आएगा। सप्ताह के उत्तरार्ध में व्यवसाय में कुछ बाधाएं देखने को मिल सकती हैं लेकिन आप अपनी सूझबूझ से दूर करने में कामयाब हो जाएंगे।



**मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी :**
मकर राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह मिश्रित फलदायी रहने वाला है। इस सप्ताह सावधानी हटी दुर्घटना घटी स्लोगन को आपको हर समय याद रखना होगा। इस सप्ताह भूलकर भी हड़बड़ी अथवा असमंजस की स्थिति में कोई निर्णय न लें। इस सप्ताह नौकरीपेशा लोगों को अपने कार्यक्षेत्र में कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। आपकी जिम्मेदारियों में बड़े बदलाव हो सकते हैं।



**कुम्भ : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा :**
कुंभ राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह शुभता और सौभाग्य को लिए रहने वाला है। इस सप्ताह आपके सोचे हुए कार्य पूरे होंगे। करियर-कारोबार में अनुकूलता बनी रहेगी। व्यवसाय और आर्थिक दृष्टि से आपका समय ठीक बना हुआ है। इस सप्ताह आपको कारोबार में अपेक्षित लाभ होगा। कारोबार में विस्तार की योजनाएं साकार होती नजर आएंगी। आप भूमि-भवन को खरीदने में धन निवेश कर सकते हैं।



**मीन : दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची :**
मीन राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह करियर-कारोबार और घर-परिवार की दृष्टि से शुभ रहने वाला है। इस सप्ताह आप किसी नई योजना के साथ जुड़कर कार्य करने का बड़ा फैसला ले सकते हैं। यदि आप नौकरीपेशा व्यक्ति हैं तो इस सप्ताह आपकी मेहनत रंग लाएगी। आपकी कार्यदक्षता उभर कर आयेगी। सीनियर आपके कामकाज की तारीफ करेंगे। आपके पद प्रतिष्ठा में बढ़ोत्तरी की संभावना बन रही है।

# अवैध संबंधों में कड़वाहट आने पर ही प्रेमी ने काटा था महिला का सिर

## गोल्फ ग्रीन कांड में हत्यारोपी प्रेमी जीजा गिरफ्तार, शरीर के अन्य टुकड़े भी मिले

**कोलकाता, समाज्ञा :** गोल्फ ग्रीन थाना इलाके में एक महिला का कटा सिर मिलने की घटना के 24 घंटे के भीतर ही पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। उक्त मामले में पुलिस मृतका के जीजा व पेशे से राजमिस्त्री अतीकुर लश्कर को दक्षिण 24 परगना जिले से गिरफ्तार किया है। शनिवार को पुलिस ने बताया कि मृतका की पहंचान दक्षिण 24 परगना के डायमंड हार्बर के मुड़ागाछा कालीतला पारुल गांव निवासी खादिजा बीबी के रूप में हुई है। खदिजा की शादी मगराहाट राधानगर गांव में एक व्यक्ति से हुई है। लेकिन प्रारंभिक जांच में पता चला है कि यह हत्या अवैध संबंधों के कारण



की गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्राथमिक तौर पर जांच में यह सामने आया है कि खदिजा और अतीकुर लश्कर के बीच सम्बंधों में कड़वाहट आ गई थी और फिर महिला के प्रेमी अतीकुर ने अपनी प्रेमिका सिर काटा व शरीर के कई टुकड़े किए। पुलिस ने बताया कि अतीकुर लश्कर की गिरफ्तारी घटनास्थल के आसपाल लगे सीसीटीवी फुटेजों के कारण ही हुई। पुलिस का कहना है कि खदिजा के शरीर के अन्य अंग भी रिजेंट पार्क इलाके से बरामद कर लिए गए है। पुलिस का कहना है कि मृतका के शव के पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चला है कि सबसे पहले महिला के सिर पर पहले वार किया गया। इसके बाद, उसकी गला घोंटकर हत्या की गई। हत्या के बाद शव के टुकड़े-टुकड़े किए गए। उक्त वारदात के जांच के लिए लालबाजार मुख्यालय पुलिस व रीजेंट पार्क थाने के साथ गोल्फ ग्रीन और नेताजीनगर थाने को मिलाकर एक टीम बनाई गई है। खादिजा बीबी घरों में साफ सफाई का काम करती थी। अतीकुर का घर बसकडांगा पंचायत के पचग्राम इलाके में है। पुलिस ने बताया कि पुलिस का मानना है कि यह हत्या प्रेम संबंध में हुए विवाद के कारण हुई। महिला के प्रेमी ने अपराध को छिपाने के लिए महिला के शव के टुकड़ों को अलग-अलग जगहों पर फेंका। ताकि किसी भी तरह से महिला का पहंचान नहीं हो सके। गौरतलब हो कि शुक्रवार की सुबह को महानगर कोलकाता के टॉलीगंज स्थित गोल्फ ग्रीन इलाके में कूड़े के ढेर से एक 35 से 40 वर्ष की महिला का कटा हुआ सिर मिला। उक्त घटना से इलाके के लोगों में दहशत भी फैल गई थी। पुलिस ने महज 24 घंटे में वारदात में मृत महिला के प्रेमी की गिरफ्तारी में सफलता पाई।

### बाबरी मस्जिद, गुजरात दंगे संविधान की सबसे बड़ी विफलताएं : सौगत राय

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस के सांसद सौगत राय ने शनिवार को कहा कि बाबरी मस्जिद विध्वंस और गुजरात दंगे भारतीय संविधान की सबसे बड़ी विफलता थे। राय ने लोकसभा में संविधान पर चर्चा में भाग लेते हुए केंद्र सरकार पर देश के संघीय ढांचे को नष्ट करने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि संविधान की सबसे बड़ी नाकामी बाबरी मस्जिद विध्वंस थी। यह पूरे देश के लिए शर्म की बात है। संविधान के लिए एक और बड़ी नाकामी तब सामने आई जब गुजरात दंगे हुए। तृणमूल कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार राज्यों को उनकी हिस्सेदारी नहीं दे रही।

### केंद्रीय मंत्री सोनोवाल आज कोलकाता से नौभार संवर्धन योजना, पोत सेवाओं का शुभारंभ करेंगे

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल रविवार को यहां से तीन मालवाहक जहाजों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसके साथ ही राष्ट्रीय जलमार्ग एक और दो पर एक नई नौभार संवर्धन योजना और अनुसूचित नौभार पोत सेवाओं का शुभारंभ होगा। इसके रास्ते में वाराणसी, पटना और गुवाहाटी होंगे। गुवाहाटी जाने वाला मालवाहक जहाज भारत-बांग्लादेश प्रोटोकॉल मार्ग का अनुसरण करेगा, जो पड़ोसी देश में चल रही अशांति के बावजूद अब तक अप्रभावित रहा है। अधिकारियों ने कहा कि पटना जाने वाला माल-वाहक जहाज जिप्सम ले जाएगा, जबकि वाराणसी जाने वाला जहाज कोयला और गुवाहाटी जाने वाला जहाज सीमेंट ले जाएगा। भारतीय अंतरदेशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) के अधिकारियों ने बताया कि बांग्लादेश में राजनीतिक अशांति के बावजूद प्रोटोकॉल मार्ग के जरिए व्यापार बाधित नहीं हुआ है। आईडब्ल्यूएआई के एक अधिकारी ने कहा कि दोनों देश अब तक बिना किसी समस्या के अनुमति दे रहे हैं। उन्होंने हालांकि माना कि पिछले एक साल में कई कारणों से दोनों देशों के बीच व्यापार में गिरावट आई है। भारत-बांग्लादेश व्यापार विश्लेषक सागर खस्तागीर ने बताया कि बांग्लादेश में सीमेंट संयंत्रों के लिए एक प्रमुख वस्तु फ्लाई ऐश के परिवहन में हाल के महीनों में लगभग 35-40 प्रतिशत की गिरावट आई है। उन्होंने कहा कि भुगतान में देरी से पोत संचालक भी प्रभावित हो रहे हैं। निर्यात संगठनों के निकाय एफआईईओ के पूर्वी क्षेत्र के पूर्व अध्यक्ष सुशील पटवारी ने दावा किया कि व्यापार में कोई महत्वपूर्ण व्यवधान नहीं हुआ है।

## आरजीकर मामले में राज्य सरकार के असहयोग के कारण समय लगा : शांतनु ठाकुर

**नई दिल्ली/कोलकाता :** आरजीकर मेडिकल कॉलेज मामले में दो आरोपियों को जमानत मिलने के मामले में केंद्रीय राज्यमंत्री शांतनु ठाकुर ने इशारों में राज्य सरकार पर दोषियों को बचाने का आरोप लगाते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार और उसके प्रशासन ने इस मामले में कोई मदद नहीं की, जिसके कारण इसमें समय लगा। शांतनु ठाकुर ने कहा कि असल में, राज्य सरकार और उसके प्रशासन ने इस मामले में कोई मदद नहीं की, जिसके कारण इसमें समय लगा। लेकिन हमारा विश्वास है कि आरोपी को पकड़ा जाएगा। एक वरिष्ठ सांसद के तौर पर, जो मामला कोर्ट में है, हमें उस पर कोर्ट के फैसले का पालन करना चाहिए और उसे बड़े मुद्दे के रूप में नहीं उठाना चाहिए। वहीं, उन्होंने



'इंडिया' गठबंधन में आई दरार पर कहा कि यह गठबंधन सिर्फ वोट की राजनीति के लिए बनाया गया था। इसकी कोई वास्तविक ताकत नहीं है और यह रुझान लंबे समय तक नहीं टिक पाएगा। हमारे बंगाल में एक कहावत है कि जब बहुत से संन्यासी एक साथ होते हैं, तो वह सब कुछ नष्ट कर देते हैं। इस गठबंधन के साथ यही हुआ है। यह गठबंधन सिर्फ अपने-अपने मतलब के लिए बना था।

## बंगाल में आवास योजना के लाभार्थियों को 17 दिसंबर से मिलेगी पहली किश्त की राशि

**✒ पहले चरण में 12 लाख परिवारों को राज्य सरकार आवास के लिए अपनी तरफ से देगी पैसा**

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल सरकार आवास योजना के लाभार्थियों को 17 दिसंबर, मंगलवार से पहली किश्त की राशि भेजना शुरू करेगी। राज्य सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी आवास योजना के लाभार्थियों को सीधे उनके बैंक खातों में पहली किश्त की राशि भेजने की आधिकारिक शुरुआत करेंगी। 'बांग्लार बाड़ी' नामक इस परियोजना के तहत राज्य सरकार 12 लाख लाभार्थियों के बैंक खातों में पहली किस्त की राशि भेजेगी। उल्लेखनीय है कि ममता ने केंद्र पर पीएम आवास योजना के तहत पिछले तीन साल से बंगाल का पैसा बंद करने का आरोप लगाते हुए हाल में घोषणा की थी कि राज्य सरकार पहले चरण में 12 लाख परिवारों को पक्के आवास के लिए अपने कोष से राशि देगी। इधर, राज्य सचिवालय नवान्न के सूत्रों के अनुसार, हाल ही में, टैब के लिए लाखों छात्रों को राज्य सरकार की तरफ से आनलाइन पैसे भेजने में हुई वित्तीय धोखाधड़ी को ध्यान में रखते हुए आवास योजना के लाभार्थियों के खाते में पहली किश्त की राशि भेजने से पहले विशेष सावधानी बरती जा रही है।

अगर किसी का आधार बैंक खाते से लिंक नहीं है तो उक्त लाभार्थी को फिलहाल पहली किश्त का पैसा नहीं मिलेगा। ऐसे लाभार्थियों को आधार से बैंक खाते लिंक होने के पश्चात राशि भेजी जाएगी। राज्य सरकार ने गांवों में विशेष कैंप खोलकर आवास योजना की सूची में अंकित उपभोक्ताओं का बायोमीट्रिक डाटा भी दर्ज कर रही है। इसके अलावा राज्य सरकार ने प्रत्येक लाभार्थी को एक विशिष्ट पहचान पत्र जारी करने की भी योजना बनाई है, ताकि आवास की सूची के संबंध में कोई प्रश्न न उठे। आवास प्राप्तकर्ताओं की अंतिम सूची प्रत्येक ब्लाक के प्रखंड विकास अधिकारी (बीडीओ) के कार्यालय में प्रकाशित कर दी जाएगी।

## लिलुआ में जर्जर सड़क के कारण एक युवक की मौत, स्थानीय लोगों का प्रदर्शन

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के लिलुआ थानांतर्गत पोकुरी गली में शनिवार की सुबह एक युवक की मौत हो गई। मृत युवक का नाम विवेक प्रसाद (20) है। बताया जा रहा है कि वहां पड़ी जर्जर कैल्वर्ट से टकराकर युवक दूर छिटक कर गिर पड़ा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। युवक के मौत के बाद गुस्साए लोगों ने प्रदर्शन शुरू दिया। स्थानीय लोगों की शिकायत है कि इस जगह पर



एक सरकारी प्राथमिक, माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक बालिका विद्यालय है। इस इलाके पर कोई भी ट्रैफिक पुलिस मौजूद नहीं रहती। परिणामस्वरूप, अक्सर विभिन्न छोटी-मोटी दुर्घटनाएं घटित होती रहती हैं। इसके अलावा, इस सड़क पर हमेशा जाम लगा रहता है। स्कूल खुलने व छुट्टी के समय स्कूली छात्र-छात्राओं को हमेशा इसी सड़क से गुजरना पड़ता है। स्थानीय लोगों की शिकायत है कि एक तरफ वाहनों का दबाव और दूसरी तरफ टोटो चालकों की हिंसा ने इलाके को नरक बना दिया है। शनिवार की सुबह विवेक प्रसाद की सड़क हादसे में मौके पर ही मौत हो गई। लिलुआ थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लिलुआ स्टेशन रोड पर भीषण जाम लग गया। इस घटना के बाद सड़क जाम कर रहे लोगों ने जाम हटा दिया। स्थानीय लोगों ने कहा कि अगर एक दिन के अंदर सड़क ठीक नहीं हुई तो वे बड़े पैमाने पर आंदोलन करेंगे।

## सरकारी संपत्तियों के रखरखाव व निगरानी के लिए ऐप लॉन्च करेगी बंगाल सरकार

**कोलकाता, समाज्ञा :** सरकारी संपत्तियों के रखरखाव व निरंतर निगरानी रखने के लिए बंगाल सरकार अब जल्द ओटीपी आधारित एक आनलाइन मोबाइल ऐप लाँच करेगी। इसका उद्देश्य सरकारी बुनियादी ढांचे का नियमित रखरखाव और इसमें सुधार करना है। दरअसल, राज्य की कई सरकारी संपत्तियों की स्थिति बदहाल है। कई सड़कों की जर्जर अवस्था से लेकर प्राथमिक व जिलास्तर के स्वास्थ्य केंद्रों में बुनियादी ढांचे में कमी व अन्य शिकायतें लगातार मिलती रहती हैं। कई इलाकों में स्कूल के भवन, आ-इसीडीएस व आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति पर भी सवाल उठते रहते हैं और जमीनी स्तर पर बुनियादी ढांचे के रखरखाव व निगरानी में प्रशासनिक उदासीनता हमेशा सामने आती रही है। इसी सब को देखते हुए राज्य सरकार ने बेहतर रखरखाव व निगरानी के लिए ऐप लाँच करने का फैसला किया है। राज्य सरकार के सूत्रों के अनुसार, ब्लाक स्तर के अधिकारी को अपने क्षेत्र में सरकारी बुनियादी ढांचे के जमीनी हालात को देखने के लिए सप्ताह में एक दिन वहां का दौरा भी करना होगा।

**❑ रंगों के आधार पर संपत्ति की स्थिति की दी जाएगी जानकारी**

बताया गया कि अधिकारी दौर कर ऐप के माध्यम से तीन रंगों के आधार पर संपत्ति की स्थिति के बारे में जानकारी अपलोड करेंगे। यदि संबंधित बुनियादी ढांचे को तुरंत किसी नवीनीकरण या विकास की आवश्यकता नहीं है, तो ऐप में हरा रंग दिखाई देगा। जिस संपत्ति के नवीकरण की आवश्यकता है, उन्हें पीले रंग से चिह्नित किया जाएगा और यदि किसी संपत्ति का तत्काल नवीनीकरण जरूरी है तो इसमें लाल सिग्नल दिखाई देगा। ऐप में सरकारी बुनियादी ढांचे की स्थिति के बारे में रियल टाइम जानकारी मिलेगी।

**❑ निचले स्तर के सरकारी कर्मचारियों को अधिक जवाबदेह बनाने का लक्ष्य**

इस संबंध में राज्य वित्त विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इस ऐप के जरिए निचले स्तर के सरकारी कर्मचारियों को अधिक जवाबदेह बनाना संभव होगा। प्रत्येक निरीक्षण प्रतिवेदन की बीडीओ, एसडीओ एवं जिला स्तर पर नियमित समीक्षा की जाएगी। कार्यालय में इस प्रयोजन के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी इन रिपोर्टों की समीक्षा करेंगे और उन्हें विभाग प्रमुख के ध्यान में लाएंगे। उसके बाद आवश्यक प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

## 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' बड़े पैमाने पर ध्यान भटकाने का माध्यम : डेरेक ओ ब्रायन

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने शनिवार को कहा कि एक साथ चुनाव कराने संबंधी विधेयक लाने का केंद्र का फैसला बेरोजगारी और महंगाई जैसे महत्व-पूर्ण मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए है। अपने ब्लॉग पर एक पोस्ट में, राज्यसभा में टीएमसी संसदीय दल के नेता ने दावा किया कि 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' प्रस्ताव बेरोजगारी, महंगाई, संघीय-विरोधी नीतियां, मणिपुर, गिरता हुआ रुपया, वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बावजूद ईंधन की कीमतों में कटौती नहीं की जा रही है, और भी बहुत कुछ वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए है। ओ ब्रायन ने



अपने ब्लॉग में कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव सामूहिक ध्यान भटकाने का एक और माध्यम है। ओ ब्रायन ने कहा कि यह विधेयक पिछले साल पारित महिला आरक्षण विधेयक से काफी मिलता-जुलता है। उन्होंने कहा कि यह खबर प्राइम टाइम पर रही, जिसमें मणिपुर संकट से निपटने में सरकार की नाकामी को छुपाया गया। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक जनगणना और परिसीमन प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही लागू हो सकता है। इसलिए, यह जल्द से जल्द स्थिति में भी 2034 में लागू हो सकता है। टीएमसी नेता ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक राष्ट्र एक चुनाव पर उच्च स्तरीय समिति ने विधानसभा वाले केंद्र शासित प्रदेशों के संविधान और अन्य कानूनों में 18 संशोधनों की सिफारिश की है। टीएमसी नेता ने कहा कि आईडीएफसी संस्थान द्वारा किए गए एक अध्ययन से पता चला है कि यदि एक साथ चुनाव होते हैं तो केंद्र और राज्यों में मतदाताओं द्वारा एक ही पार्टी को वोट देने की 77 प्रतिशत संभावना है।

## माकपा ने तन्मय भट्टाचार्य का निलम्बन लिया वापस, जांच रिपोर्ट आने तक रहेंगे सदस्य

**✒ महिला पत्रकार से छेड़छाड़ मामले में पार्टी ने दिया क्लीन चिट**

**कोलकाता, समाज्ञा :** माकपा की ओर से जिला सचिव मंडल के सदस्य कॉमरेड तन्मय भट्टाचार्य का निलंबन जांच लंबित रहने तक वापस ले लिया गया है। राज्य सचिव कॉमरेड मोहम्मद सलीम ने बताया कि जिला सचिव मंडल के सदस्य कॉमरेड तन्मय भट्टाचार्य का निलंबन जांच लंबित रहने तक वापस ले लिया गया है। यानी, अब से कॉमरेड तन्मय भट्टाचार्य पार्टी की सामान्य गतिविधियों में हिस्सा ले सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक, यह संदेश माकपा के उत्तर 24 परगना जिला समूह को भेजा गया है। 24 परगना



जिला माकपा सचिव मृणाल चक्रवर्ती ने जवाब भेजा। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले एक महिला पत्रकार ने तन्मय भट्टाचार्य के खिलाफ गंभीर शिकायत की थी। उन्होंने दावा किया कि जब वह तन्मय का इंटरव्यू लेने गए तो वह अचानक उनकी गोद में गिर पड़े। इस आरोप के सामने आते ही राज्य की राजनीति के गलियारे में तीखी चर्चा शुरू हो गई है। पार्टी ने घटना के कुछ घंटों के भीतर तन्मय को निलंबित करने का फैसला किया। शिकायत दर्ज करने के लिए पुलिस को बुलाया गया। आंतरिक जांच समिति ने पार्टी के भीतर के मामले पर भी गौर किया। हालांकि, तन्मय ने बार-बार अपना बयान सामने रखा। साथ ही, पार्टी की आंतरिक जांच को लेकर भी उनकी आवाज में निराशा थी। उन्होंने साफ कहा कि राज्य सचिव व्हाट्सएप पर कुछ जानना चाहते थे।

उन्होंने बताया फिर भी यह निर्णय दुर्भाग्यपूर्ण है। उनका परिवार वामपंथी के रूप में जाना जाता है। वे सिर ऊंचा करके वामपंथ के साथ थे। उन्होंने आगे दावा किया कि अगर कोई सोचता है कि वह उन्हें धमका सकता है और उनके राजनीतिक आदर्शों से वंचित कर सकता है, तो वह मूर्खों के स्वर्ग में रह रहा है।

## वर्ग पहेली नं. 2946

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | ■ | 6 | 7 | | ■ | 8 | | |
| 9 | | 10 | ■ | 11 | | 12 | ■ | ■ | |
| | ■ | 13 | | | ■ | 14 | | 15 | |
| 16 | 17 | | ■ | ■ | 18 | | ■ | | ■ |
| ■ | | ■ | 19 | | | ■ | 20 | | |
| 21 | | | | ■ | 22 | 23 | | ■ | ■ |
| | ■ | ■ | 24 | 25 | ■ | 26 | | 27 | 28 |
| | ■ | 29 | | | | | ■ | 30 | |

*ऊपर से नीचे :-* 1) साँठगाँठ, 2) घमंड; बेहोशी, 3) भीतर, 4) नई मूँछ, 5) उदासी; निरुत्साह, 7) जसोमति, 10) मापना, 12) प्रेमी, 15) प्रसिद्ध, 17) बागडोर, 18) इच्छा, 19) फनस, 20) छेना, 21) माचिस लगना, 23) कमीज़ का पल्ला, 25) नहीं, 27) स्वामित्व; अधिकार; स्वामित्व; 28) रोग.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*बायें से दायें :-* 1) मूँगा; भौमरत्न, 3) विवादातीत *(निर्णय)*; सिरे का; सीमावर्ती; आखिरी, 6) कदाचित्, 8) लगातार, 9) हटाना; दौड़ाना, 11) रसा *(तरकारी का)*, 13) पक्षी, 14) शर्मनाक, 16) गरम तेल में पकाना, 18) कर्तव्य; उपयोग, 19) कीचड़, 20) छरहरा *(शरीर)*; तरल *(द्रव)*; महीन, 21) भीड़, 22) मूर्खता, 24) वे और मैं, 26) अंगलेप; *लोशन*, 29) नुकताचीन; कमी निकालने वाला; छिद्रान्वेषक, 30) ऋण.

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फ | ल | प्र | द | ■ | का | फ़ि | ला | ■ | ज |
| ली | ■ | सा | र | मे | य | ■ | भा | व | न |
| ■ | चं | द | ■ | धा | र | क | ■ | सा | ग |
| ना | गा | ■ | हा | वी | ■ | ति | थि | ■ | ण |
| ह | ■ | भो | र | ■ | ठ | प | ■ | पा | ना |
| क | ला | ■ | जी | र्ण | ■ | य | था | र्थ | ■ |
| ■ | र | हि | त | ■ | पू | ■ | ने | ■ | क |
| वे | ■ | सा | ■ | ब | रा | म | दा | ■ | मा |
| श | रा | ब | ख़ो | री | ■ | ■ | र | सो | ई |

## सुडोकू-पहेली-2906

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | | 1 | | |
| | | | | | | 4 | 2 | |
| 8 | | | | 3 | | | | |
| 3 | | | 5 | | | | | 8 |
| | | | 4 | | | | | |
| | | | | | 7 | | | |
| | 4 | | | | | 7 | | |
| | 2 | | | 6 | | | | |
| | | | 3 | 8 | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 2905 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 6 | 3 | 4 | 9 | 1 | 7 |
| 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 5 | 8 | 2 | 4 |
| 1 | 4 | 9 | 8 | 7 | 2 | 6 | 3 | 5 |
| 4 | 9 | 3 | 2 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 |
| 5 | 1 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 7 | 2 |
| 7 | 6 | 2 | 1 | 8 | 3 | 4 | 5 | 9 |
| 9 | 3 | 7 | 5 | 6 | 8 | 2 | 4 | 1 |
| 6 | 8 | 4 | 7 | 2 | 1 | 5 | 9 | 3 |
| 2 | 5 | 1 | 3 | 4 | 9 | 7 | 8 | 6 |

SCAN & REGISTER

VYAPAAR EXPO

Powered By DECO DREAMS | ASIAN INSTITUTE OF EVENT MANAGEMENT

KOLKATA'S BIGGEST BUSINESS EXPO

20th FRIDAY | 21st SATURDAY | 22nd SUNDAY
DECEMBER 2024

BISWA BANGLA EXHIBITION CENTRE, NEWTOWN

- VISITORS ENTRY FREE
- CLAIM YOUR FREE ₹999 BLUETOOTH NECKBAND BY SHOWING THIS AD AT RG CELLULAR STALL - FIRST 2000 VISITORS
- HOURLY 11 LUCKY DRAW WINNERS

& MANY MORE SURPRISES...

Guest Speaker ASHNEER GROVER

Guest Speaker KEWAL KISHAN



ORGANIZED BY VYAPAAR ZONE

CO-SPONSOR SABURI PLYWOOD

*Visitors are Requested to Wear Formal Attire and Carry their Visiting Cards

ASSOCIATE SPONSORS: maithan alloys ltd, GST DOST, Duckback, The Pep House

BROADCAST SPONSOR: GTPL KCBPL


BUSINESS AUTOMATION PARTNER: AUTOMATE BUSINESS | PHOTOGRAPHY PARTNER: NISHANT SHARMA PHOTOGRAPHY | COFFEE & TEA PARTNER: COFTEA | TECHNOLOGY PARTNER: REBIN INFOTECH | WHATSAPP MARKETING PARTNER: SHUBHAM COMMUNICATION | GIFTING PARTNER: RG Cellulars | MAGAZINE PARTNER: POLICE PUBLIC PRESS 9377100100, 9477100100 | DRIVER PARTNER: DRIVERS4ME | GREEN PARTNER: Sunflower | HOSPITALITY PARTNER: SMM | BANKING PARTNER: kotak

www.vyapaarexpo.com
+91 81008 49701

जय मां बेरीवाली

# मां भीमेश्वरी देवी बेरीवाली

# चतुर्थ वार्षिकोत्सव



मां भीमेश्वरी- बेरी



मां भीमेश्वरी मंदिर, बेरी

बेरी में भीमेश्वरी पावन सुन्दर धाम
मान लिया जिसने तुम्हें सिद्ध हुए सब काम

बुधवार, 1 जनवरी 2025, सायं 5 बजे से

अखण्ड ज्योत–अलौकिक श्रृंगार–भजनामृत वर्षा–प्रसाद

सभी भक्त सपरिवार सबान्धव सादर आमंत्रित हैं

–:: आयोजक ::–

# माँ भीमेश्वरी देवी परिवार

श्री राम श्याम देवी मंदिर
4, कैनाल स्ट्रीट, हेस्टिंग्स, कोलकाता
( ऑर्डिनेन्स क्लब के पास, आइस फैक्ट्री के सामने )



आमंत्रित गायक – मारूति मोहता

Mandir Location

सौजन्य: SHYAM STEEL | BMWIL BMW Industries Ltd. | SKIPPER LIMITED | UTKARSH Life demands. We deliver. | SHYAM METALICS ORE TO METAL | BEEKAY STEEL INDUSTRIES LIMITED | ANIL TRADERS KOLKATA

# बिगड़ी बना देती है भगवान की कथा : तुलसीपीठाधीश्वर स्वामी रामभद्राचार्यजी

**हावड़ा, समाज्ञा :** महर्षि वेद व्यास जी को महाभारत सहित 17 महा-पुराण रचने के बावजूद मानसिक तनाव था। नारदजी आए, बोले तनाव में हो क्योंकि अब तक तूं अपने परिवार-संसार का चिन्तन करता रहा। महाभारत में तुमने परिवार-संसार का ही गायन ही किया है। अब से भगवान का चिन्तन करो और भगवान के परिवार की कथा गाओ और लिखो। भगवान का चिन्तन करते हुए, भगवान का का गुणगान गाओ और टेन्शन मुक्त हो जाओ। मैं दासी पुत्र था, संतों का जूठन खाया और उनके मुख से भगवान की कथा सुनी। परिणाम यह हुआ कि दासी पुत्र का शरीर छूटा तो देवर्षि बन गया। भगवान की कथा बिगड़ी बात को बना देती है। भगवान जीव को कर्मानुसार दंड देते हैं, पर उनकी कथा दंड मुक्त करती है। ये बातें श्रीमहापुराण आयोजन समिति के तत्वावधान में श्रीमद्भागवत कथा पर प्रवचन करते हुए पद्मविभूषण तुल-सीपीठाधीश्वर जगद्गुरु रामानंदाचार्य श्री स्वामी रामभद्राचार्य महाराज ने फोरशोर रोड स्थित श्रीलक्ष्मी रामविलास विलास गार्डन में कही। उन्होंने कहा कि मुझे ही देखो- भगवान ने मेरे पिछले जीवन के कर्मानुसार दो वर्ष की अवस्था में दंड के रूप में मेरे नेत्रों की रोशनी ले ली, पर भगवान की कथा ने मुझे त्रिदण्ड (धर्म स्तम्भ) दे दिया। मेरे परिवार के लोगों ने सोचा होगा कि



यह अंधा बालक भीख मांगेगा पर आज हजारों लोगों को मैंने भीख मांगना बंद करवाया है।मेरी यह 1364 वीं श्रीमद्भागवत कथा है और मुंबई में 1395 वीं श्रीराम कथा होने वाली है। मैंने चित्रकूट में प्रथम दिव्यांग विश्वविद्यालय की स्थापना की है। अब तक 250 ग्रंथों की रचना की है। यह आत्मप्रशंसा नहीं कर रहा। आपको बता रहा हूं कि एक अंधा आदमी इतना कर सकता है तो आप क्यों नहीं। यह सब प्रभु-कृपा से संभव हुआ।

प्रवचन के दौरान विदेशी घुसपैठियों पर चिन्ता जाहिर करते हुए स्वामी रामभद्राचार्य महाराज ने कहा कि भारत में विदेशी घुसपैठ रूक जाए, इसके प्रति लोग सजग नहीं है। घुसपैठियों का प्रवेश करना बहुत बुरी बात है। बांग्लादेशी घुसपैठिए देश में प्रवेश करते जा रहे हैं। कुछ लोग वोट बैंक के चलते घुसपैठ को प्रोत्साहित कर रहे हैं, इससे कुछ के लिए शासन-सत्ता मिल जाएगी पर भारत नष्ट हो जाएगा। हिन्दुओं को जागने की जरूरत है। पंथ अनेक हो सकते हैं पर सोचो केवल तुम हिन्दू हो। इस अवसर पर सुधा- सोमनाथ अडूकिया, सुनीता-दिनेश अडूकिया, सरिता-विवेक अडूकिया, बबीता-ज्ञान अडूकिया ने व्यासपीठ व पादुका पूजन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्याम सुंदर चांडक, रामचंद्र जोशी, ललित सिंघी, राम अवतार बिहानी, अनिल रूंगटा, कैलाश बलदेवा, मनोज चंडालिया, पवन तांबी, पवन दायमा, किसन पुरोहित, अशोक शर्मा सहित अन्य सदस्य सक्रिय रहे। प्रवचन के पूर्व सुन्दर काण्ड भक्त मण्डल के तत्वावधान में संगीत मय सुन्दर काण्ड का सामूहिक पाठ किया गया कि जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का कुशल संचालन पत्रकार प्रकाश चंडालिया ने किया।

# सिलीगुड़ी में फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़, दस गिरफ्तार



**सिलीगुड़ी :** शहर में कम्प्यूटर एंटीवायरस और सॉफ्टवेयर के नाम फर्जी कॉल सेंटर का खुलासा हुआ है। इस मामले में दस लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपितों के नाम मो. अरशद, मो. अमन राजा, फिरोज खान, अब्दुल तौहित, रोहित गुप्ता, राजेश साव, मो. उमर, सौम विकास कुंडू, अहमद अंसारी और अभिजीत दास है। शनिवार को गिरफ्तार सभी आरोपितों को सिलीगुड़ी अदालत में पेश किया गया। यह कॉल सेंटर 11 नंबर वार्ड के खुदीरामपल्ली इलाके में स्थित एक बहुमंजिली इमारत में चलाई जा रही है। इसका खुलासा एसओजी, साइबर क्राइम, सिलीगुड़ी थाना और पानीटंकी आउट पोस्ट की पुलिस ने की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पुलिस की संयुक्त टीम ने गुप्त सूचना पर शुक्रवार की देर रात खुदीरामपल्ली इलाके में स्थित एक बहुमंजिला इमारत के चौथे मंजिल में अभियान चलाया। इस दौरान, टीम ने कम्प्यूटर एंटीवायरस और सॉफ्टवेयर नामक एक कंपनी दस्ता-वेज की जांच की तो कॉल सेंटर का खुलासा हुआ, जिसके बाद पुलिस टीम ने कार्यालय में मौजूद दस लोगों को पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। बताया गया है कि यह फर्जी कॉल सेंटर काफी दिनों से कम्प्यूटर एंटीवायरस और सॉफ्टवेयर नाम से चल रहा था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, शनिवार को गिरफ्तार आरोपितों को सिलीगुड़ी अदालत में पेश कर रिमांड पर लेगी।

# घर लौट रहे स्वर्ण व्यवसायी से 11 लाख रुपये के सोने के गहनों की लूट, आरोपी फरार

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के जगाच्छा थानांतर्गत इलाके में एक स्वर्ण व्यवसायी से बदमाशों ने 11 लाख रुपये के सोने के गहनें और 15 हजार रुपये नकद लूट लिए। यह घटना शुक्रवार की रात उन्शानी के सुभाषपल्ली इलाके की है। मिली जानकारी के अनुसार, सोने की दुकान के मालिक का नाम प्रशांत मल्लिक है। प्रशांत हर दिन की तरह इस दिन भी दुकान बंद कर बाइक से घर लौट रहा था। उसके पास, शादी के ऑर्डर के 11 लाख के सोने के गहने और 15 हजार रुपये नकद थे। आंदुल रोड से सुभाषपल्ली लेन को पार करने के दौरान दो बदमाश बाइक से आए और प्रशांत का रास्ता रोक दिया। थोड़ी दूरी पर तीन और



बदमाश बाइक लेकर खड़े थे। इसके बाद बदमाशों ने प्रशांत से उसका बैग छीना और भाग गए। घटनास्थल पर अंधेरे होने के कारण प्रशांत बदमाशों को चेहरा नहीं देख पाए। उनके चिल्लाने की आवाज सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। व्यवसायी ने जगाच्छा थाने में घटना की लिखित शिकायत दर्ज करायी। पुलिस की एक जांच टीम शनिवार दोपहर घटनास्थल पर पहुंची। व्यवसायी से पूछताछ के साथ ही इलाके की विभिन्न दुकानों से सीसीटीवी फुटेज जुटाए गए। इस घटना के बाद से स्थानीय लोगों में दहशत फैल गयी। इस घटना में अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस जांच में जुटी है।

# 'अल्लाह ने चाहा तो अल्पसंख्यक भी बहुत जल्द बहुसंख्यक होंगे'

## मंत्री फिरहाद हकीम ने फिर दिया विवादित बयान, छिड़ा विवाद

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के मंत्री व कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम ने एक बार फिर सांप्रदायिक टिप्पणी की है। दरअसल, अल्पसंख्यक छात्रों के एक कार्यक्रम में शुक्रवार को फिरहाद हकीम धनधान्य ऑडोटोरियम में पहुंचे थे। इस दौरान, फिरहाद हकीम ने विवादित बयान देते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में हम 33 फीसदी हैं। पूरे देश में हम 17 फीसदी हैं, इसलिए हम अल्पसंख्यक कहलाते हैं। लेकिन, आने वाले दिनों में हम अल्पसंख्यक नहीं रहेंगे। हम सोचते



हैं कि अगर अल्लाह चाहते हैं तो बहुमत में होंगे। उन्होंने कहा कि कुछ भी होने से मोमबत्ती रैली करते हैं। ऐसा रुतबा होना चाहिए कि तुम जस्टिस नहीं मांगोगे तो जस्टिस देने के लायक होगे। फिरहाद हकीम ने आगे कहा कि कलकत्ता उच्च न्यायालय से सुप्रीम कोर्ट में सिर्फ में 2-4 न्यायाधीश अल्पसंख्यक समुदाय के हैं। लेकिन क्यों? हमें काबिल बनाया नहीं गया, जहां पर हम जस्टिस दे सके। अल्लाह ताला का रहमत और आप सबकी मेहनत यह पूरा कर सकती है, जहां आप जस्टिस देने के लायक बन सके। बता दें कि यह पहली बार नहीं है जब फिरहाद कोई विवादित बयान दिया है।

# हेडफोन लगाकर रेलवे लाइन पार करते समय हादसा, ट्रेन से कटकर युवती की मौत

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के बॉटनिकल गार्डन के पास पद्मपुकुर स्टेशन पर शनिवार की सुबह रेल लाइन पार करते वक्त एक युवती की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक का नाम अंकिता पात्रा(27) है। वह बीगार्डन थानांतर्गत बागानपाड़ा की रहने वाली है। अंकिता साल्ट लेक में एक निजी कंपनी में काम करती थी। मिली जानकारी के अनुसार, सुपरफास्ट साप्ताहिक एक्सप्रेस प्रत्येक शनिवार को शालीमार से सिकंदराबाद के लिए रवाना होती है। इस दिन भी, ट्रेन सुबह शालीमार स्टेशन से निकलकर अपने गंतव्य की ओर जा रही थी। उसी दौरान ऑफिस जाने के लिए निकली अंकिता पद्मपुकुर स्टेशन के पास रेलवे लाइन पार कर रही थी। ट्रेन चालक ने बार-बार हॉर्न बजाई लेकिन अंकिता के कानों में हेडफोन होने के कारण, उसने सुना नहीं। इसी बीच कोहरे के कारण उसे दूर से ट्रेन भी नजर नहीं आई। नतीजा ये हुआ कि एक दुखद घटना घट गई। खबर मिलते ही मौके पर जीआरपी पहुंची और युवती का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**E-TENDER**

E-Tender for Construction of Market Shed 1 no., Installation of Electrically operated High Mass light 1 no., Solar high mass light 1 no., Community toilet 1no., Tubewell 3no.s and Concrete Road 1no. have been invited by the under signed,
Details of which as noted below:
Bid Submission Start Date: **13.12.2024**
Bid Submission Closing Date: **26.12.2024**
Details can be collected from the website https://wbtenders.gov.in & Office Notice Board


Sd/-
**Executive Officer**
**Basanti Panchayet Samity**

## आज कोलकाता में होगा मैथिली कवि सम्मेलन का आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगवासी मैथिल उन्नयन समिति, महिला प्रकोष्ठ द्वारा मार्ग शीर्ष पूर्णिमा के शुभ अवसर पर रविवार, 15 दिसंबर को कोलकाता में मैथिली कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। अपरान्ह 3 बजे से यह कवि सम्मेलन कोलकाता के ईएम बायपास में पाटुली फायर स्टेशन के पास क्यू-70, वैश्नवघाटा, पाटुली में आयोजित होगा। उक्त कवि सम्मेलन में भाग लेने वाले प्रमुख कवियों में हिमाद्रि मिश्र, लक्ष्मण झा सागर, अशोक झा, अनमोल जी, किरण जी, शंभुनाथ जी, कामेश्वर झा कमल, विजय कुमार ईस्सर, शैल झा सागर, शंभुनाथ मिश्र व अन्य शामिल हैं। यह जानकारी बंगवासी मैथिल उन्नयन समिति, कोलकाता के अध्यक्ष श्रीनारायण झा एवं महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा अन्नपूर्णा मिश्र ने दी।

# 16 दिसंबर को विजय दिवस पर कोलकाता में होगा भव्य मिलिट्री टैटू का आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर मिली ऐतिहासिक जीत के उपलक्ष्य में 16 दिसंबर को 53वें वार्षिक विजय दिवस समारोह के अवसर पर सेना के पूर्वी कमान मुख्यालय द्वारा इस साल भी कोलकाता में भव्य मिलिट्री टैटू का आयोजन किया जाएगा। पूर्वी कमान द्वारा शनिवार को एक बयान में इसकी जानकारी दी गई। इसमें बताया गया कि हर बार की तरह इस बार भी रायल कलकत्ता टर्फ क्लब (आरसीटीसी) ग्राउंड में मिलिट्री टैटू का आयोजन किया गया है, जिसमें सेना की विभिन्न टुकड़ियों द्वारा हेलीकॉप्टर शो से लेकर घोड़ा दौड़, डॉग शो, मार्च पास्ट, मोटरसाइकिल करतब आदि का हैरतअंगेज प्रदर्शन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सोमवार दोपहर 2 बजे से शुरू होगा और शाम 5 बजे तक चलेगा। इसके जरिए 1971 युद्ध के पराक्रमी योद्धा-ओं को श्रद्धांजलि दी जाएगी। आम लोग भी इस मिलिट्री टैटू को देख




विजय दिवस- 2024 समारोह से पहले रिहर्सल के दौरान प्रदर्शन करते सेना के जवान

सकेंगे, जिसका उन्हें सालभर इंतजार रहता है। सभी के लिए इसमें प्रवेश निःशुल्क है। यह ऐतिहासिक कार्यक्रम कोलकाता व आसपास के जिलों से लोगों को भारतीय सशस्त्र बलों के पराक्रम को करीब से देखने का अनूठा अवसर प्रदान करता है। इस बार मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी पहली बार विजय दिवस समारोह में शामिल हो सकती हैं। पूर्वी कमान के सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री दोपहर में आरसीटीसी मैदान में होने वाले भव्य मिलिट्री टैटू समारोह में भाग ले सकती हैं। इस कार्यक्रम के लिए पूर्वी कमान मुख्यालय द्वारा बड़े स्तर पर तैयारियां की गई है। मिलिट्री टैटू के लिए पिछले कई दिनों से रिहर्सल चल रहा है। शनिवार को भी बड़े स्तर पर रिहर्सल किया गया।

## मोहम्मद बाजार में नाबालिग से यौन उत्पीड़न, सिविक वॉलंटियर गिरफ्तार

**बीरभूम :** जिले के मोहम्मद बाजार में नाबालिग से कथित रूप से यौन उत्पीड़न का मामला सामने आया है। इस गंभीर घटना में आरोपित एक सिविक वॉलंटियर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता और उसके परिवार ने आरोप लगाया है कि सिविक वॉलंटियर ने न केवल नाबालिग से यौन उत्पीड़न किया, बल्कि उसे धमकियां भी दीं। पुलिस ने बताया कि शिकायत मिलने के तुरंत बाद आरोपी को हिरासत में लिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय प्रशासन और पुलिस अधिकारियों का कहना है कि नाबालिग को न्याय दिलाने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे। पुलिस मामले की तह तक पहुंचने के लिए सभी सबूत जुटा रही है और आरोप पर कानूनी कार्रवाई जारी है।

## खड़गपुर में आगलगी में भाजपा कार्यालय समेत चार दुकानें जलकर खाक

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के खड़गपुर के गोलबाजार इलाके में शुक्रवार को आग की चपेट में आकर स्थानीय भाजपा कार्यालय समेत चार दुकानें जलकर राख हो गईं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस दिन, रात में गोलबाजार इलाके में एक दुकान में अचानक आग लग गयी और वह भाजपा कार्यालय समेत अन्य दुकानों तक फैल गई। घटना की सूचना पर पहुंची दमकल की एक गाड़ी और स्थानीय लोगों के प्रयास से आग पर काबू पाया गया। खड़गपुर टाउन थाने की पुलिस इस बात की जांच में जुट गयी है कि दुकान से आग कैसे लगी। हालांकि, आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि घटना में एक फोटो फ्रेम की दुकान, भाजपा पार्टी कार्यालय और एक प्लास्टिक की दुकान में जलकर खाक हो गई।

# कांदी में युवा डॉक्टर ने की 'आत्महत्या', घर से बरामद हुआ शव

**मुर्शिदाबाद :** एक युवा डॉक्टर का शव उसके घर से बरामद किया गया। मुर्शिदाबाद के कांदी थाना क्षेत्र के बरहरा ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्र की एक महिला डॉक्टर का शव गले में रस्सी से लटका हुआ बरामद किया गया। प्रारंभिक तौर पर माना जा रहा है कि उन्होंने आत्महत्या की है। इस अतिवादी फैसले की वजह से धुंध पैदा हो गई है। 31 वर्षीया की पॉलमी विजयपुरी की मृत्यु हो गई। पॉलमी अपने परिवार के साथ मुर्शिदाबाद के कांदी के नए मोहल्ले में अपने घर में रहती थी। शुक्रवार रात को अपने घर पर युवा डॉक्टर की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। परिजन कुछ देर तक चिल्लाते रहे। लेकिन इसके बावजूद बिना कोई आहट पाए कमरे का दरव-ाजा तोड़ दिया गया। घर में घुसकर वे दंग रह गए। उसने देखा कि पॉलमी घर में फंदे से लटकी हुई है। सूचना पाकर कांदी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए कांदी उपमंडल अस्पताल भेज दिया गया है। कांदी के एक स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि पौलमी 2 साल पहले बड़हरा ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्र में दंत चिकित्सक के रूप में शामिल हुई थीं। वह अत्यंत सरल एवं मृदुभाषी थे। उसे समझ नहीं आ रहा कि ऐसा कैसे हो गया। वहीं, पॉलमी के पड़ोसियों ने बताया कि युवती पढ़ाई में बहुत अच्छी थी। उन्होंने माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक परीक्षाएँ अनेक अंकों से उत्तीर्ण कीं। वह शुरू से ही डॉक्टर बनकर ग्रामीणों की सेवा करना चाहते थे। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि पौलमी ने अचानक आत्महत्या करने का फैसला क्यों किया। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

# लोगों के इलाज के लिए लिया लाइसेंस, चल रहा है पशु चिकित्सालय

## कोर्ट ने राज्य से मांगा जवाब


कोलकाता, समाज्ञा : राज्य के किसी भी निजी पशु क्लिनिक और अस्पताल के पास लाइसेंस नहीं है। इस आरोप पर कलकत्ता हाई कोर्ट में केस दायर किया गया था। कोर्ट सूत्रों के मुताबिक, जस्टिस हरीश टंडन की खंडपीठ के समक्ष मामले में संबंधित क्लिनिक ने दावा किया है कि राज्य सरकार ने उन्हें 'क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट' के तहत लाइसेंस दिया है। उसी लाइसेंस पर क्लिनिक चल रहा है। हालांकि, याचिकाकर्ता के वकील का दावा है, अधिनियम में लोगों के इलाज के लिए अस्पताल स्थापित करने का प्रावधान है। पशुचिकित्सक क्लिनिक कैसे चला सकते हैं? मामला सुनकर जज हैरान रह गए। वह कोर्ट में मौजूद राज्य के वकील से भी जानना चाहते हैं। राज्य के वकील ने कहा



कि उन्हें मामले की जानकारी नहीं है. इसके बाद खंडपीठ ने राज्य को मामले पर एक रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई 16 दिसंबर को होगी। घटना की शुरुआत तब हुई जब सायंतन मुखोपाध्याय नाम के एक व्यक्ति ने अपनी पालतू बिल्ली की क्लिनिक में गलत इलाज के कारण मौत हो जाने के बाद अदालत में जनहित याचिका दायर की। उन्होंने शिकायत की कि राज्य में विभिन्न निजी पशु क्लीनिकों ने बिना लाइसेंस के कारोबार शुरू कर दिया है। हालांकि, क्लिनिक की ओर से वकील देबाशीष बनर्जी ने कोर्ट को बताया कि ऐसे क्लिनिक को कुछ नियमों के तहत लाइसेंस की जरूरत होती है। ऐसे लाइसेंस देने के लिए एक केंद्रीय अधिनियम है। लेकिन उस केंद्रीय कानून को राज्य में लागू नहीं किया गया। इसके बाद उन्होंने कोर्ट को यह भी बताया कि राज्य सरकार ने उन्हें 'क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट' के तहत लाइसेंस दिया है जिस पर सवाल उठाया गया है।

## अधिकृत पदों पर कार्यरत अस्थायी कर्मियों को छोड़कर अन्यत्र नियोजन नियमित नहीं, कोर्ट का आदेश

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया है कि स्वीकृत पदों पर कार्यरत अस्थायी कर्मचारियों के अलावा किसी अन्य के रोजगार को नियमित नहीं किया जा सकता है। याचिकाकर्ता ने 1 नवंबर, 1988 से नो वर्क नो पे के आधार पर और कुछ एकमुश्त राशि के बदले में वैद्यबाती नगर पालिका में अस्थायी ड्राइवर के रूप में काम करना शुरू किया। इसके बाद, उन्हें अन्य नगरपालिका कर्मचारियों के समान वेतन वृद्धि और अन्य लाभ के साथ निश्चित वेतनमान दिया गया। जो उन्हें मार्च 2010 तक मिला लेकिन ऑडिट अथॉरिटी की आपत्ति के कारण इसे रोक दिया गया। इस संदर्भ में नगर पालिका ने कहा कि याचिकाकर्ता को किसी भी स्वीकृत पद के अनुसार नियुक्त नहीं किया गया था। भर्ती में किसी भी नियम का पालन नहीं किया गया है इसलिए इस नौकरी को नियमित नहीं किया जा सकता। नगर पालिका के इस तर्क को सही मानते हुए उपरोक्त आदेश दिया गया।




42 जोड़ियां
महा कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेन
पूर्व रेलवे की तरफ से

• कोलकाता क्षेत्र से दैनिक ट्रेन • मालदा से भागलपुर होकर द्वि-साप्ताहिक ट्रेन

**हावड़ा-टुंडला-हावड़ा कुम्भ मेला स्पेशल**

| हावड़ा-टुंडला | | (03021) (03022) | टुंडला-हावड़ा | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| – | 19.35 | ↓ हावड़ा | 15.20 | – |
| 20.50 | 20.52 | बर्द्धमान | 12.41 | 12.46 |
| 22.20 | 22.25 | आसनसोल | 08.30 | 08.35 |
| 10.10 | 10.20 | प्रयागराज जंक्शन | 19.00 | 19.10 |
| 19.20 | – | टुंडला जंक्शन ↑ | – | 11.20 |

यात्रा की तारीख : **03021 हावड़ा से** – 01/01, 02/01, 03/01, 04/01, 05/01, 06/01, 07/01, 08/01, 16/01, 20/01, 24/01, 05/02, 07/02, 14/02, 21/02 और 26.02.2025 = 16 ट्रिप तथा **03022 टुंडला से** – 03/01, 04/01, 05/01, 06/01, 07/01, 08/01, 09/01, 10/01, 18/01, 22/01, 26/01, 07/02, 09/02, 16/02, 23/02 और 28.02.2025 = 16 ट्रिप।

| हावड़ा-टुंडला | | (03029) (03030) | टुंडला-हावड़ा | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| – | 19.35 | ↓ हावड़ा | 03.30 | – |
| 20.50 | 20.52 | बर्द्धमान | 00.02 | 00.04 |
| 22.22 | 22.27 | आसनसोल | 21.15 | 21.20 |
| 11.10 | 11.20 | प्रयागराज जंक्शन | 10.10 | 10.20 |
| 20.15 | – | टुंडला जंक्शन ↑ | – | 03.00 |

यात्रा की तारीख : **03029 हावड़ा से** – 23/01, 06/02 और 20.02.2025 = 03 ट्रिप तथा **03030 टुंडला से** – 25/01, 08/02 और 22.02.2025 = 03 ट्रिप।

उपर्युक्त ये दोनों ट्रेनें दोनों दिशाओं में मार्ग के दुर्गापुर, धनबाद, नेताजी सुभाष चंद्र बोस जंक्शन गोमो, पारसनाथ, हज़ारीबाग रोड, कोडरमा, गया, अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, मिर्ज़ापुर, फतेहपुर, गोविंदपुरी एवं इटावा जंक्शन स्टेशनों पर भी रुकेंगी। **गठन (दोनों ट्रेनें) :** वातानुकूलित 2-टियर-01, वातानुकूलित 3-टियर-04, शयनयान श्रेणी - 08, द्वितीय श्रेणी (जीएस) - 03 एवं एसएलआरडी - 02 = 18 कोच।

**हावड़ा-टुंडला-हावड़ा कुम्भ मेला स्पेशल (बैंडेल होकर)**

| हावड़ा-टुंडला | | (03023) (03024) | टुंडला-हावड़ा | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| – | 00.30 | ↓ हावड़ा | 15.20 | – |
| 02.40 | 02.45 | बर्द्धमान | 12.41 | 12.46 |
| 05.00 | 05.10 | आसनसोल | 08.30 | 08.40 |
| 18.30 | 18.40 | प्रयागराज जंक्शन | 19.00 | 19.10 |
| 02.30 | – | टुंडला जंक्शन ↑ | – | 11.20 |

यात्रा की तारीख : **03023 हावड़ा से** – 20/01, 22/01, 23/01, 16/02, 17/02, 18/02 और 20.02.2025 = 07 ट्रिप तथा **03024 टुंडला से** – 21/01, 23/01, 24/01, 17/02, 18/02, 19/02 और 21.02.2025 = 07 ट्रिप।

| हावड़ा-टुंडला | | (03025) (03026) | टुंडला-हावड़ा | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| – | 05.45 | ↓ हावड़ा | 15.20 | – |
| 08.07 | 08.09 | बर्द्धमान | 12.41 | 12.46 |
| 10.05 | 10.10 | आसनसोल | 08.30 | 08.35 |
| 23.10 | 23.20 | प्रयागराज जंक्शन | 19.00 | 19.10 |
| 06.30 | – | टुंडला जंक्शन ↑ | – | 11.20 |

यात्रा की तारीख : **03025 हावड़ा से** – 28.02.2025 = 01 ट्रिप तथा **03026 टुंडला से** – 01.03.2025 = 01 ट्रिप।

उपर्युक्त ये दोनों ट्रेनें दोनों दिशाओं में मार्ग के बैंडेल, दुर्गापुर, धनबाद, नेताजी सुभाष चंद्र बोस जंक्शन गोमो, पारसनाथ, हज़ारीबाग रोड, कोडरमा, गया, अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, मिर्ज़ापुर, फतेहपुर, गोविंदपुरी एवं इटावा जंक्शन स्टेशनों पर भी रुकेंगी। **गठन (दोनों ट्रेनें) :** वातानुकूलित 2-टियर-01, वातानुकूलित 3-टियर-04, शयनयान श्रेणी - 08, द्वितीय श्रेणी (जीएस) - 03 एवं एसएलआरडी - 02 = 18 कोच।

**हावड़ा - भिण्ड - हावड़ा कुम्भ मेला स्पेशल (बैंडेल होकर)**

| हावड़ा - भिण्ड | | (03031) (03032) | भिण्ड - हावड़ा | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| – | 00.30 | ↓ हावड़ा | 03.30 | – |
| 02.40 | 02.45 | बर्द्धमान | 00.01 | 00.06 |
| 05.00 | 05.10 | आसनसोल | 21.15 | 21.20 |
| 18.30 | 18.40 | प्रयागराज जंक्शन | 10.10 | 10.20 |
| 01.05 | – | भिण्ड ↑ | – | 03.30 |

यात्रा की तारीख : **03031 हावड़ा से** – 01/01, 18/01 और 19.02.2025 = 03 ट्रिप तथा **03032 भिण्ड से** – 02/01, 19/01 और 20.02.2025 = 03 ट्रिप।

| हावड़ा - भिण्ड | | (03033) (03034) | भिण्ड - हावड़ा | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| – | 00.30 | ↓ हावड़ा | 03.30 | – |
| 02.40 | 02.45 | बर्द्धमान | 00.06 | 00.10 |
| 05.00 | 05.10 | आसनसोल | 22.05 | 22.10 |
| 18.30 | 18.40 | प्रयागराज जंक्शन | 10.30 | 10.40 |
| 01.05 | – | भिण्ड ↑ | – | 03.30 |

यात्रा की तारीख : **03033 हावड़ा से** – 26.01.2025 = 01 ट्रिप तथा **03034 भिण्ड से** – 27.01.2025 = 01 ट्रिप।

उपर्युक्त ये दोनों ट्रेनें दोनों दिशाओं में मार्ग के बैंडेल, दुर्गापुर, धनबाद, नेताजी सुभाष चंद्र बोस जंक्शन गोमो, पारसनाथ, हज़ारीबाग रोड, कोडरमा, गया, अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, मिर्ज़ापुर, फतेहपुर, गोविंदपुरी एवं इटावा जंक्शन स्टेशनों पर भी रुकेंगी। **गठन (दोनों ट्रेनें) :** वातानुकूलित 2-टियर-01, वातानुकूलित 3-टियर-04, शयनयान श्रेणी - 08, द्वितीय श्रेणी (जीएस) - 03 एवं एसएलआरडी - 02 = 18 कोच।

**मालदा टाउन-प्रयागराज रामबाग-मालदा टाउन कुम्भ मेला स्पेशल (भागलपुर होकर)**

| मालदा टाउन-प्रयागराज रामबाग | | (03409) (03410) | प्रयागराज रामबाग - मालदा टाउन | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| – | 20.45 | ↓ मालदा टाउन | 14.30 | – |
| 22.34 | 22.36 | साहिबगंज जंक्शन | 11.12 | 11.14 |
| 00.02 | 00.12 | भागलपुर | 09.25 | 09.35 |
| 01.12 | 01.17 | जमालपुर जंक्शन | 07.15 | 07.20 |
| 17.15 | – | प्रयागराज रामबाग ↑ | – | 19.15 |

यात्रा की तारीख : **03409 मालदा टाउन से** – 02/01, 04/01, 09/01, 18/01, 23/01, 25/01, 06/02, 08/02, 15/02, 20/02 और 22.02.2025 = 11 ट्रिप तथा **03410 प्रयागराज रामबाग से** – 03/01, 05/01, 10/01, 19/01, 24/01, 26/01, 07/02, 09/02, 16/02, 21/02 और 23.02.2025 = 11 ट्रिप।

उपर्युक्त ट्रेन दोनों दिशाओं में मार्ग के न्यू फरक्का जंक्शन, बड़हरवा जंक्शन, कहलगांव, सुल्तानगंज, अभयपुर, किऊल जंक्शन, मोकामा, बाढ़, बख्तियारपुर, राजेंद्रनगर, पटना जंक्शन, दानापुर, आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, वाराणसी एवं बनारस स्टेशनों पर भी रुकेंगी। **गठन :** वातानुकूलित 2-टियर-01, वातानुकूलित 3-टियर-04, शयनयान श्रेणी - 08, द्वितीय श्रेणी (जीएस) - 03 एवं एसएलआरडी - 02 = 18 कोच।

सभी ट्रेनों की बुकिंग
16/12/2024 (सोमवार) से उपलब्ध होगी

**प्रयागराज के लिए अन्य नियमित ट्रेनें**

**स्पेशल ट्रेनों के अलावा, पूर्व रेलवे के अधिकार क्षेत्र से यात्रा शुरू करने वाली निम्नलिखित मेल/एक्सप्रेस ट्रेनें भी महा कुंभ मेले के अवसर पर पवित्र स्नान के लिए प्रयागराज की यात्रा के लिए उपलब्ध हैं।**

1. 12333/12334 हावड़ा-प्रयागराज रामबाग-हावड़ा विभूति एक्सप्रेस। 2. 12301/12302 हावड़ा-नई दिल्ली-हावड़ा राजधानी एक्सप्रेस (गया होकर)। 3. 12305/12306 हावड़ा-नई दिल्ली-हावड़ा राजधानी एक्सप्रेस (पटना होकर)। 4. 12311/12312 हावड़ा-कालका-हावड़ा नेताजी एक्सप्रेस। 5. 12307/12308 हावड़ा-जोधपुर-हावड़ा एक्सप्रेस। 6. 22307/22308 हावड़ा-बीकानेर-हावड़ा एक्सप्रेस। 7. 12303/12304 हावड़ा-नई दिल्ली-हावड़ा पूर्वा एक्सप्रेस (पटना होकर)। 8. 12381/12382 हावड़ा-नई दिल्ली-हावड़ा पूर्वा एक्सप्रेस (गया होकर)। 9. 12323/12324 हावड़ा-बाड़मेर-हावड़ा एक्सप्रेस। 10. 12938/12937 हावड़ा-गांधीधाम-हावड़ा गरबा एक्सप्रेस। 11. 12987/12988 सियालदह-अजमेर सियालदह एक्सप्रेस। 12. 12315/12316 कोलकाता-उदयपुर सिटी-कोलकाता अनन्या एक्सप्रेस। 13. 12496/12495 कोलकाता-बीकानेर-कोलकाता प्रताप एक्सप्रेस। 14. 12319/12320 कोलकाता-ग्वालियर-कोलकाता एक्सप्रेस। 15. 22197/22198 कोलकाता-वीजीएल झाँसी-कोलकाता प्रथम स्वतंत्रता संग्राम एक्सप्रेस। 16. 12942/12941 आसनसोल-भावनगर-आसनसोल पारसनाथ एक्सप्रेस। 17. 22459/22460 मधुपुर-आनंद विहार (टी)-मधुपुर हमसफर एक्सप्रेस। 18. 22465/22466 मधुपुर-आनंद विहार (टी)-मधुपुर एक्सप्रेस। 19. 12235/12236 मधुपुर-आनंद विहार (टी)-मधुपुर हमसफर एक्सप्रेस। 20. 14049/14050 गोड्डा-दिल्ली-गोड्डा एक्सप्रेस। 21. 12349/12350 गोड्डा-नई दिल्ली-गोड्डा हमसफ़र एक्सप्रेस। 22. 12321/12322 हावड़ा-सीएसएमटी मुंबई-हावड़ा मेल। 23. 12175/12176 हावड़ा-ग्वालियर-हावड़ा चंबल एक्सप्रेस। 24. 12177/12178 हावड़ा-मथुरा-हावड़ा चम्बल एक्सप्रेस। 25. 20975/20976 हावड़ा-आगरा कैंट-हावड़ा चम्बल एक्सप्रेस। 26. 22912/22911 हावड़ा-इंदौर-हावड़ा शिप्रा एक्सप्रेस। 27. 12361/12362 आसनसोल-सीएसएमटी मुंबई-आसनसोल एक्सप्रेस। 28. 19436/19435 आसनसोल-अहमदाबाद-आसनसोल एक्सप्रेस। 29. 11428/11427 जसीडीह-पुणे-जसीडीह एक्सप्रेस। 30. 22311/22312 गोड्डा-लोकमान्य तिलक (टी)-गोड्डा एक्सप्रेस। 31. 22948/22947 भागलपुर-सूरत-भागलपुर एक्सप्रेस। 32. 12335/12336 भागलपुर-लोकमान्य तिलक (टी)-भागलपुर एक्सप्रेस। 33. 13423/13424 भागलपुर-अजमेर-भागलपुर एक्सप्रेस। 34. 22405/22406 भागलपुर-आनंद विहार (टी)-भागलपुर गरीब रथ एक्सप्रेस।

सीसीएम (पीएम) सीपीटीएम

पूर्व रेलवे
राष्ट्र की सेवा में

# अर्कोट, तमिलनाडु

## हमारी अंजानी धरोहर-55



डॉ. एस. के. सैनी

अरकोट उत्तर पूर्वी तमिलनाडु में स्थित रानीपेट जिले का एक महत्वपूर्ण क़स्बा है। कई सारे महत्वपूर्ण युद्धों और घेरे बंदी का गवाह रहा है यह कस्बा। कई मायनों में यह तमिलनाडु में प्रवेश का द्वार रहा है। 1692 में औरंगजेब द्वारा मोहम्मद अनवारुद्दीन को पहला नवाब कर्नाटक घोषित किया गया।. पूरा तमिलनाडु क्षेत्र इसके अधिकार में आ गया था और अर्कोत का कस्बा भी इसके अधिकार में था। अरकोट तमिल शब्द आराकाडू का बिगड़ा नाम है जिसका मतलब है अंजीर के पेड़ों का जंगल। कभी यहां पर अंजीर के पेड़ हुआ करते होंगे।

इसके बाद अरकोट मराठों के अधिकार में आ गया। जॉर्ज तृतीय और जॉर्ज चतुर्थ के साथ कर्नाटक के वालाजह वंशजों का अच्छा सम्बन्ध था। मराठों ने 1740 में अरकोट क्षेत्र पर आक्रमण किया और इसे अपने अधिकार में ले लिया। नवाब चंदा साहब और उसके बेटे को गिरफ्तार करके नागपुर भेज दिया गया।

फ्रांस और अंग्रेजों के आपस में भारत में वर्चस्व की लड़ाई में दक्षिण विजय अभियान में आरकोट आड़े आ रहा था। रॉबर्ट क्लाइव ने 1751 में एक सेना लेकर फ्रेंच और नवाब की सम्मिलित सेना से युद्ध किया। अंग्रेजों ने लंबे समय तक अरकोट की घेराबंदी किये रखी। 23 सितंबर 1751 से 14 नवंबर 1751 तक यह




घेरे बंदी जारी रही। कुल 56 दिन तक। आखिर में रॉबर्ट क्लाइव ने मात्र 500 सैनिकों की सहायता से अरकोट पर विजय हासिल की। अंग्रेजों ने अरकोट पर विजय के बाद उस जिले को तुरंत ही उत्तर और दक्षिण दो भागों में बांट दिया। अंग्रेजों ने विजय के बाद में वालाजह को 1752 में अरकोट का नवाब घोषित किया। 1801 में अरकोट को ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने अपने अधिकार में ले लिया।

यहां 18वीं शताब्दी में एक सूफी संत टीपू मस्तान औलिया की मजार भी है। कहते हैं हैदर अली ने यहां पर मन्नत मानी थी उसके बाद ही उसका बेटा टीपू सुल्तान हुआ। यहां वेंकेटेश पेरूमल स्वामी का मंदिर भी है भगवान विष्णु को समर्पित। यह विश्व का अनोखा मंदिर है जहां एक ही पत्थर पर भगवान विष्णु के साथ एक और श्रीदेवी दूसरी और भू देवी की प्रतिमाएं ऊकेरी गई है। वेल्लोर की प्रसिद्धि के साथ-साथ अरकोट की प्रसिद्धि धूमिल होती गई।

अरकोट की घेराबंदी जबरदस्त प्रसिद्ध है और इसी युद्ध ने रॉबर्ट क्लाइव को अंग्रेजों का हीरो बना दिया।

# सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि कब है, जानें उनके जीवन से जुड़ी रोचक बातें



भारतीय इतिहास में कई ऐसे महान व्यक्तित्व के नाम दर्ज हैं, जिन्होंने देश के लिए अभूतपूर्व योगदान दिया। इन महान व्यक्तित्व में सरदार वल्लभभाई पटेल का नाम शामिल है जो कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान नेता, कुशल प्रशासक और राष्ट्रीय एकता के प्रतीक थे। वल्लभ भाई पटेल का जन्म 31 अक्तूबर 1875 को गुजरात के नडियाद में एक किसान परिवार में हुआ था। वह महात्मा गांधी के सहयोगी और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रमुख नेता थे। देश की आजादी के बाद सरदार पटेल भारत के पहले उप प्रधानमंत्री और गृह मंत्री बनें। हर साल 15 दिसंबर को सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि मनाई जाती है। 1950 में इसी दिन मुंबई में सरदार पटेल का निधन हुआ था। उनके निधन ने पूरे देश को शोक में डाल दिया था। लेकिन उनके योगदान और भूमिका को हमेशा के लिए इतिहास के पन्नों में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज कर लिया गया। वह आज भी करोड़ों भारतीयों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। सरदार पटेल की पुण्यतिथि के मौके पर उनके योगदान और जीवन से जुड़ी रोचक बातों के बारे में जानिए।

### सरदार पटेल के प्रमुख योगदान

स्वतंत्र भारत के पहले उप प्रधानमंत्री और गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश को एकजुट करने के लिए कई प्रयास किए और सराहनीय कदम उठाएं। उनके योगदान का परिणाम ये रहा कि देश जो आजादी से पहले तक छोटी-छोटी रियासतों में बंटा था और राजा-नवाब आदि के नेतृत्व में था, वह एक लोकतांत्रिक सरकार के अंतर्गत आ गया।

### क्यों कहते हैं लौह पुरुष

सरदार पटेल ने 562 देशी रियासतों को भारतीय संघ में विलय करवा कर भारत को एकता के सूत्र में बांधने का महान कार्य किया। इसलिए उन्हें भारत के लौह पुरुष के नाम से जाना जाता है। वह अपनी दृढ़ता और अनुशासन के लिए प्रसिद्ध थे। वे निर्णय लेने में अडिग थे और किसी भी बाधा से घबराते नहीं थे। उनकी यही दृढ़ता देश के एकीकरण में मददगार साबित हुई।

### बारदोली सत्याग्रह से मिली सरदार की उपाधि

स्वतंत्रता संग्राम की आग को तेजी देते हुए सरदार पटेल ने 1928 में गुजरात के बारदोली क्षेत्र में किसानों के नेतृत्व में ब्रिटिश सरकार के खिलाफ सफल आंदोलन किया। इसके बाद उन्हें सरदार की उपाधि दी गई। और बारदोली सत्याग्रह के दौरान उनके नेतृत्व की खूब प्रशंसा हुई।

### राष्ट्रीय एकता के प्रतीक

सरदार पटेल ने हमेशा भारत की एकता और अखंडता को प्राथमिकता दी। उनके सम्मान में गुजरात के केवड़िया में विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी बनाई गई, जो उनके महान योगदान का प्रतीक है।

2सरे जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं



दादा- रमेश कुमार जायसवाल
दादी- रिंकु जायसवाल
पापा- विशाल जायसवाल
मां- नेहा जायसवाल
चाचा- आकाश जायसवाल
बुआ- ईशिका जायसवाल
एवं
समस्त जायसवाल परिवार

# सोने की चेन



डॉ.मंजरी शुक्ला

टीनू खरगोश और मोंटू बंदर स्कूल जाते हुए अपने पसंदीदा टीवी पात्र, टॉम और जेरी के बारे में चर्चा कर रहे थे। अचानक उन्होंने देखा कि हीरू दादा अपनी नीली साइकिल पर इधर-उधर देखते हुए तेजी से जा रहे हैं।

टीनू ने धीरे से फुसफुसाया, मुझे लगता है, उन्होंने कुछ खो दिया है। शायद कुछ कीमती चीज।

मोंटू ने सिर हिलाया और धीमे स्वर में कहा, हाँ, और देखो वो कितनी तेजी से चला रहे हैं?

टीनू ने आँखें घुमाईं और कहा, मुझे लगता है कि उन्हें अपनी बेकरी की दुकान खोलने में देर हो रही होगी।

ओह! वो स्वादिष्ट केक और पेस्ट्री दोनों ने एक साथ कहा और उनके मन में केक और पेस्ट्री की लुभावनी तस्वीरें घूम गईं।

तभी टीनू ने धूल में कुछ चमकती हुई चीज़ देखी।

वाह! कितनी चमचमाती हुई सोने की चेन है ये वह खुशी से चिल्लाया। हीरू दादा पक्का इसे ही ढूंढ रहे होंगे।

और हमें उनकी खोई हुई चेन मिल गई! मोंटू हँसते हुए बोला।

टीनू ने धीरे से कहा, यह चेन बहुत कीमती लगती है, इसलिए हमें इसे तुरंत हीरू दादा को दे देना चाहिए।

और बिना समय गंवाए, वे लगभग दौड़ते हुए हीरू दादा की दुकान पर पहुँच गए।

जब वे दुकान में पहुँचे, हीरू दादा ग्राहकों से बात कर रहे थे।

टीनू ने धीमी आवाज़ में कहा, चॉकलेट पेस्ट्री की खुशबू मुझे पागल कर रही है।

मोंटू के मुँह में भी पानी आ गया, अपने पसंदीदा स्ट्रॉबेरी केक को देखकर।

थोड़ी देर बाद, हीरू दादा ने उनकी ओर देखा और आश्चर्य से पूछा, तुम यहाँ क्या कर रहे हो? क्या तुम्हें स्कूल के लिए देर नहीं हो रही?

यह सुनकर, वे अपने स्वादिष्ट केक और पेस्ट्री की काल्पनिक दुनिया से बाहर आ गए।

टीनू ने अपनी जेब से सोने की चेन निकाली और कहा, आपकी खोइ हुई सोने की चेन...

इतनी महंगी चेन देखकर, हीरू दादा हैरान रह गए। उन्होंने कहा, लेकिन ये तो मेरी नहीं है मैंने तो कुछ नहीं खोया।

मोंटू आगे आया और बोला, हमने कुछ समय पहले आपको घबराए हुए देखा था। ऐसा लग रहा था जैसे आप कुछ कीमती चीज ढूंढ रहे हों।

हीरू दादा हँसते हुए बोले, हाहाहा! मेरे गले में दर्द था, इसलिए मैं अपनी गर्दन घुमा रहा था।

फिर हीरू दादा ने चेन को देखा और बोले, मैं इसे इंस्पेक्टर चीता को दे दूँगा, वह इसे इसके असली मालिक तक पहुँचा देंगे।

टीनू और मोंटू ने मुस्कुराते हुए बोले, अब हमें स्कूल जाना चाहिए।

क्या तुम अपने पसंदीदा स्वादिष्ट केक को लंच में खाना नहीं चाहोगे? हीरू दादा ने प्यार से पूछा।

हमारे पास पैसे नहीं हैं, मोंटू ने उदास आवाज़ में कहा।

मुझे तुम्हारी ईमानदारी और सच्चाई पर बहुत गर्व है, मेरे प्यारे बच्चों। इसे मेरी ओर से एक छोटा सा तोहफा समझो। हीरू दादा ने उनके पसंदीदा स्ट्रॉबेरी और चॉकलेट केक का डिब्बा देते हुए कहा।

हुर्रे! धन्यवाद

दोनों खुशी से चिल्लाए और स्कूल के लिए दौड़ पड़े।

# ये आदतें बिगाड़ देंगी आपका मेंटल हेल्थ

मानसिक स्वास्थ्य को ठीक रखना संपूर्ण स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए जरूरी है। हालांकि लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के कारण वयस्कों-बुजुर्गों में मेंटल हेल्थ की समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सामाजिक कलंक के डर के कारण लोग अपनी परेशानियों को लेकर डॉक्टर से मिलने नहीं जाते जिससे समय पर बीमारी का निदान और उपचार नहीं हो पाता है।

मानसिक स्वास्थ्य को अच्छा बनाए रखना हमारे जीवन की गुणवत्ता को सुधारने और बेहतर महसूस करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। हालांकि कुछ आदतें ऐसी होती हैं जो हमारी मानसिक स्थिति पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती हैं। सभी लोगों को इस बारे में जानना और बचाव के लिए प्रयास करते रहना जरूरी है।

### मेंटल हेल्थ की समस्या

हम क्या खाते हैं, दिनचर्या कैसे है, कब सोते-जागते हैं, इन सभी का असर मेंटल हेल्थ पर पड़ता है। अनियमित और अपर्याप्त नींद से लेकर नकारात्मक सोच, आहार में गड़बड़ी ये सभी आपके मानसिक स्वास्थ्य के लिए दिक्कतें पैदा कर सकती है। इन आदतों को पहचानना और इन्हें बदलने की कोशिश करना मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। सही दिनचर्या और सकारात्मक आदतों को अपनाकर आप अपनी मानसिक स्थिति को ठीक रख सकते हैं।

### सोशल मीडिया और रील्स खतरनाक

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, बच्चों और वयस्कों के दिन का एक बड़ा समय मोबाइल फोन को स्क्रॉल करने और सोशल मीडिया पर बीतता है, जिसका उनके मानसिक स्वास्थ्य पर कई प्रकार से नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। इसी संबंध में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस ने साल 2024 के लिए 'ब्रेन रोट' शब्द को 'वर्ड ऑफ द ईयर' घोषित किया है। ब्रेन रोट शब्द सोशल मीडिया पर अत्यधिक मात्रा में मौजूद दोयम दर्जे वाले कंटेट के कारण होने वाले मानसिक दुष्प्रभावों को लेकर चिंता को दर्शाता है।

यानी सोशल मीडिया पर अधिक समय बिताना या रील्स स्क्रॉल करते रहना आपकी मेंटल हेल्थ के लिए ठीक नहीं है।

### सोच को रखें सकारात्मक

नकारात्मक सोच और आत्म-आलोचना का आपकी मेंटल हेल्थ पर कई प्रकार से नकारात्मक असर होता है। बार-बार नकारात्मक विचार करना या खुद को दोषी ठहराना आत्मसम्मान को कम करता है। यह आदत चिंता और अवसाद को बढ़ावा देती है। मैं अच्छा नहीं हूं या मैं यह नहीं कर सकता जैसे विचारों से मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ता है। इसलिए जरूरी है कि अपनी सोच को सकारात्मक रखें और अच्छे विचारों का आदान-प्रदान करें।

### अनियमित और अपर्याप्त नींद नुकसानदायक

नींद की कमी भी हमारे मस्तिष्क के कार्यों को धीमा कर देती है। इससे तनाव, चिंता और डिप्रेशन की संभावना बढ़ जाती है। नींद की कमी से याददाश्त कमजोर होती है और निर्णय लेने की क्षमता पर बुरा असर पड़ता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, रोजाना 7-9 घंटे की गुणवत्तापूर्ण नींद लें। सोने और उठने का एक नियमित समय तय करें। सोने से पहले स्क्रीन टाइम कम करें और एक शांत माहौल बनाएं।



# शारीरिक और मानसिक दोनों सेहत के लिए फायदेमंद है मेडिटेशन



योग और व्यायाम को संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभकारी माना जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, जो लोग नियमित रूप से योग का अभ्यास करते हैं उनमें कई प्रकार की गंभीर और क्रोनिक बीमारियों के विकसित होने का खतरा कम होता है। अध्ययनकर्ता कहते हैं, सभी उम्र के लोगों को दिनचर्या में मेडिटेशन या ध्यान अभ्यास को जरूर शामिल करना चाहिए। जिस तरह से दुनियाभर में मानसिक रोगों को जोखिम बढ़ रहा है, ये एक अभ्यास आपके स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद हो सकता है। चूंकि मानसिक स्वास्थ्य का सीधा संबंध शारीरिक सेहत से है, इसलिए मेडिटेशन का अभ्यास संपूर्ण स्वास्थ्य को ठीक रखने में मददगार हो सकता है।

मेडिटेशन से होने वाले फायदों के बारे में लोगों को जागरूक करने और ध्यान अभ्यास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हाल ही में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) ने 21 दिसंबर को 'वर्ल्ड मेडिटेशन डे' मनाने की स्वीकृति भी दे दी है। यूएनजीए में भारत के एक सह-प्रायोजित प्रस्ताव जिसमें 21 दिसंबर को 'वर्ल्ड मेडिटेशन डे' के तौर पर घोषित करने के लिए कहा गया था, उसपर एकमत से मुहर लगी है। सभी देशों ने इसे स्वीकारते हुए एक तरफ से इसके पक्ष में वोटिंग की थी।

मेडिकल साइंस ने भी कई अध्ययनों में पाया है कि मेडिटेशन का नियमित अभ्यास शरीर के लिए कई प्रकार से लाभप्रद हो सकता है, कैसे? आइए जानते हैं।

### पहले जानिए मेडिटेशन होता क्या है?

मेडिटेशन या ध्यान का अभ्यास आपके दिमाग को ध्यान केंद्रित करने और अपने विचारों को पुनर्निर्देशित करने की प्रक्रिया है।

मेडिटेशन के लिए किसी शांत जगह पर आराम से बैठ जाएं। इसके बाद गहरी सांस लें और मन को एक जगह पर केंद्रित करने का प्रयास करें। मेडिटेशन के दौरान अपनी सांसों पर ध्यान देने और मन को एकाग्र करने का प्रयास किया जाता है।

कई लोग इसे तनाव कम करने और एकाग्रता विकसित करने का एक तरीका मानते हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि मेडिटेशन की मदद से सकारात्मक मनोदशा और दृष्टिकोण बनाने, आत्म-अनुशासन स्थापित करने, नींद के पैटर्न में सुधार करने और मानसिक स्वास्थ्य को ठीक रखने में लाभ मिल सकता है।

### मेंटल हेल्थ के लिए बहुत लाभकारी है मेडिटेशन

मेडिटेशन का नियमित अभ्यास करना आपकी मेंटल हेल्थ को ठीक रखने में काफी मददगार हो सकता है। ध्यान के अभ्यास से तनाव कम किया जा सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, अगर तनाव की समस्या पर ध्यान न दिया जाए तो इसका शारीरिक स्वास्थ्य पर भी असर हो सकता है जिसमें हृदय गति में वृद्धि, नींद से लेकर रक्तचाप तक की समस्याएं बढ़ जाती हैं।

साल 2017 में करीब 45 अध्ययनों की समीक्षा से पता चला है कि ध्यान का अभ्यास कई प्रकार की शारीरिक समस्याओं जैसे इरिटेबल बाउल सिंड्रोम, पोस्ट-ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर और फाइब्रोमाइल्जिया में भी लाभकारी है।

### नींद की दिक्कत कम करने के लिए करें मेडिटेशन

नींद विकार के शिकार लोगों के लिए भी मेडिटेशन का नियमित अभ्यास करना फायदेमंद हो सकता है। साल 2014 के एक अध्ययन में माइंडफुलनेस आधारित सेशन के प्रभावों की जांच की गई। इसमें पाया गया कि जिन लोगों ने मेडिटेशन का अभ्यास किया उनमें नींद से संबंधित दिक्कतें कम हुईं। इसकी मदद से अनिद्रा में भी लाभ पाया जा सकता है।

यहां ध्यान देना जरूरी है कि जिन लोगों को नींद की दिक्कत बनी रहती है उनमें कई प्रकार की शारीरिक और मानसिक बीमारियों का खतरा भी हो सकता है।

### रक्तचाप में भी पा सकते हैं आराम

अध्ययनों से पता चलता है कि जिन लोगों को हाई ब्लड प्रेशर की दिक्कत रहती है उनके लिए भी मेडिटेशन का नियमित अभ्यास करना फायदेमंद हो सकता है। समय के साथ, उच्च रक्तचाप के कारण हृदय को रक्त पंप करने के लिए अधिक मेहनत करनी पड़ती है जिससे हृदय रोगों का जोखिम बढ़ जाता है।

इसी को लेकर साल 2015 में लगभग एक हजार प्रतिभागियों पर किए गए अध्ययन में पाया गया कि नियमित रूप से ध्यान के अभ्यास से रक्तचाप कम करने में मदद मिल सकती है।

# आपके किचन में ही मौजूद है जोड़ों-शरीर दर्द की देसी दवा

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, हल्दी के एंटीसेप्टिक और एंटीबैक्टीरियल गुण चोट, कटने या जलने पर जल्दी से घाव भरने में मदद करते हैं। हल्दी लगाने से घाव में इन्फेक्शन का खतरा कम होता है और वह जल्दी ठीक होता है। इसके अलावा हल्दी में एंटी-ऑक्सीडेंट्स और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण भी होते हैं जो शरीर को संक्रामक रोगों से सुरक्षा देते हैं।

### हल्दी में कैंसर रोधी गुण

हल्दी के एंटी-ऑक्सीडेंट्स और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण इम्युनिटी पावर को बढ़ाने में मदद करते हैं। शरीर को फ्री-रेडिकल्स से होने वाले नुकसान से बचाकर हल्दी इम्यून सिस्टम को मजबूत करती है, जिससे बार-बार बीमारियां नहीं होती। रिसर्च में यह भी पाया गया है कि हल्दी में कैंसर रोधी गुण भी होते हैं, जो कैंसर सेल्स के विकास को रोकने में सहायक होते हैं। यानी आहार में इस एक चीज को शामिल करना आपको कई गंभीर बीमारियों से बचाने में सहायक हो सकती है।

### एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण से दर्द-सूजन में आराम

हल्दी में प्राकृतिक एंटी-इंफ्लेमेटरी तत्व होते हैं, जो शरीर के अंदरूनी और बाहरी सूजन को कम करने में सहायक होते हैं। गठिया, जोड़ों के दर्द और मांसपेशियों में सूजन से राहत पाने के लिए हल्दी को उपयोगी माना जाता है। जिन लोगों को अक्सर शरीर में दर्द रहता है, चोट के कारण दर्द रहता है उन्हें नियमित रूप से हल्दी वाले दूध के सेवन से लाभ मिल सकता है।

### त्वचा में निखार

हल्दी में एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल गुण होते हैं जो त्वचा संबंधी संक्रमणों से सुरक्षा प्रदान करते हैं। हल्दी का सेवन करने से त्वचा में निखार आता है और इसे लगाने से मुंहासे, दाग-धब्बे और अन्य समस्याओं में भी आराम मिलता है। ये पाचन क्रिया में सुधार लाने के लिए भी फायदेमंद है। इसमें मौजूद करक्यूमिन पित्ताशय से बाइल (पित्त) का स्राव बढ़ाती है जिससे पाचन बेहतर होता है। गैस, बदहजमी और एसिडिटी जैसी समस्याओं से राहत पाने के लिए आहार में हल्दी को जरूर शामिल करें।

# सर्दियों में शीट मास्क से मिलते हैं गजब के फायदे, इस्तेमाल से पहले जानिए



सर्दियों के मौसम में कभी धूप तो कभी सर्द हवाएं त्वचा की नमी को छीन लेती हैं। इससे त्वचा रूखी और बेजान नजर आने लगती है, जिससे एजिंग के लक्षण, जैसे कि फाइन लाइन्स और डार्क स्पॉट्स, जल्दी दिखने लगते हैं। ऐसे में त्वचा को हेल्दी और हाइड्रेट रखने के लिए शीट मास्क सबसे आसान और प्रभावी सिद्ध हो सकता है। शीट मास्क न केवल त्वचा की गहराई में जाकर नमी पहुंचाता है, बल्कि उस पर जमी गंदगी और अतिरिक्त तेल को भी साफ करता है, जिससे त्वचा फ्रेश और चमकदार दिखती है।

### हाइड्रेट होती है त्वचा

इस मौसम में रूखी त्वचा पर महीन रेखाएं जल्दी नजर आने लगती हैं, जो उम्र बढ़ने का संकेत देती हैं। त्वचा की नमी बनाए रखने और उसके लचीलेपन को बरकरार रखने के लिए शीट मास्क एक बेहतरीन उपाय है। ये मास्क एंटीऑक्सिडेंट्स से भरपूर होते हैं, जो न केवल त्वचा को गहराई तक हाइड्रेट करते हैं, बल्कि ग्रीसी त्वचा की समस्या को भी कम करते हैं। ये त्वचा को पोषण देकर उसे स्वस्थ और मुलायम बनाए रखते हैं।

### डिटॉक्सिकरण

यह त्वचा को गहराई से साफ करने और डिटॉक्स करने में भी मददगार होते हैं। इसके साथ ही यह त्वचा के पोर्स में छिपे धूल के कणों को भी साफ करते हैं। शीट मास्क लगाने के बाद त्वचा न केवल फ्रेश और हेल्दी दिखती है, बल्कि लार्ज पोर्स भी छोटे हो जाते हैं। यह प्रक्रिया एक्ने जैसी समस्याओं को कम करने में भी मददगार होती है, जिससे त्वचा साफ और चमकदार बनी रहती है।

### स्किन टोन में सुधार

इस मौसम में धूप और प्रदूषण के कारण त्वचा अक्सर ही टैन हो जाती है। ऐसे में शीट मास्क आपकी त्वचा को निखार सकता है। यह न केवल डल स्किन को तरोताजा करता है, बल्कि डार्क सर्कल्स की समस्या को भी कम करने में मदद करता है, खासतौर पर अगर आप अपनी त्वचा को सन डैमेज और प्रदूषण से बचाना चाहती हैं। इसलिए आप रात में सोने से पहले या सुबह इसका इस्तेमाल कर सकती हैं।

### चेहरे का ग्लो

उम्र बढ़ने और हार्मोनल बदलाव के कारण चेहरे पर अनचाहे बाल, झुर्रियां और दाग-धब्बे दिखने लगते हैं। ऐसे में त्वचा को स्वस्थ और चमकदार बनाए रखने के लिए शीट मास्क का इस्तेमाल बेहद फायदेमंद होता है। यह त्वचा की गहराई तक पोषण पहुंचाता है, जिससे दाग-धब्बे कम होते हैं और चेहरे की खोई हुई चमक फिर से लौट आती है। वहीं इसके नियमित उपयोग से त्वचा ज्यादा फ्रेश और ग्लोइंग दिखती है।

### सौंदर्य में निखार

शीट मास्क का नियमित उपयोग त्वचा को जवां और लचीला बनाए रखने में भी मदद करता है। यह त्वचा में कोलेजन के स्तर को बढ़ाता है, जिससे स्किन की इलास्टिसिटी बनी रहती है। शीट मास्क त्वचा पर जमा गंदगी और अतिरिक्त तेल को आसानी से बाहर निकाल सकता है, क्योंकि इसमें सीरम, विटामिन, हयालूरोनिक एसिड और पेप्टाइड्स समेत कई हाइड्रेटिंग प्रॉपर्टीज होती हैं।

### कोलेजन उत्पादन में बढ़ोतरी

लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज, दिल्ली के त्वचा विज्ञान विभाग में सीनियर रेजिडेंट डॉ. अमित कुमार मीणा कहते हैं, शीट मास्क त्वचा को लंबे समय तक हाइड्रेट रखने में मदद करता है। यह त्वचा को स्वस्थ और चमकदार बनाता है। वहीं मृत त्वचा कोशिकाओं को हटाकर नई कोशिकाएं बनाता है, जिसके परिणामस्वरूप त्वचा जवां और चमकदार नजर आती है। शीट मास्क त्वचा से निकलने वाले अत्यधिक तेल को नियंत्रित करता है और पिंपल्स को त्वचा पर उभरने से रोकता है। नियमित रूप से शीट मास्क का इस्तेमाल आंखों के नीचे के काले धब्बों और घेरों को कम कर त्वचा को ठंडक पहुंचाता है तथा सूखी, जली या टैन त्वचा को हटाने में मदद करता है और कोलेजन उत्पादन को बढ़ावा देता है।

## रेसिपी कार्नर

# च्यवनप्राश






सर्दियों के मौसम में सेहत का ध्यान रखना काफी जरूरी हो जाता है। यदि सेहत का ध्यान अच्छी तरह से न रखा जाए तो जुकाम, खांसी और बुखार जैसी समस्याएं होने लगती हैं। इसी को देखते हुए लोग इस मौसम में अपने खान-पान में काफी बदलाव करते हैं। इस मौसम में बच्चों से लेकर बड़ों तक को च्यवनप्राश खाने की सलाह दी जाती है।

च्यवनप्राश एक ऐसी आयुर्वेदिक औषधि है, जिसके सेवन से शरीर को ताकत और ऊर्जा प्रदान की जाती है। च्यवनप्राश का मुख्य उद्देश्य शरीर को रोगों से लड़ने की शक्ति देना और संपूर्ण स्वास्थ्य में सुधार करना है। इसके साथ ही च्यवनप्राश में आंवला (विटामिन सी का समृद्ध स्रोत) होता है, जो इम्यूनिटी को मजबूत करता है और सर्दी-जुकाम जैसी बीमारियों से बचाव करता है।

वैसे तो बाजार में कई कंपनियों के च्यवनप्राश मिलते हैं, लेकिन यदि आप बाजार के च्यवनप्राश पर भरोसा नहीं करते, तो इसे घर पर तैयार करें। यहां हम आपको घर पर च्यवनप्राश बनाने की आसान विधि बताने जा रहे हैं।

### च्यवनप्राश बनाने का सामान

आंवला- 1 किलो
गुड़ - 500 ग्राम
देशी घी - 100 ग्राम
सौंठ (सूखी अदरक पाउडर)- 2 चम्मच
काली मिर्च पाउडर - 1 चम्मच
दालचीनी पाउडर - 1 चम्मच
इलायची पाउडर- 1 चम्मच
तुलसी पत्ते - 10-15 (सूखे या ताजे)
केसर - 5-6 धागे
शहद

### च्यवनप्राश बनाने की विधि

घर पर च्यवनप्राश बनाना काफी आसान है। इसके लिए सबसे पहले आंवले को अच्छे से धोकर छोटे टुकड़ों में काट लें। इन्हें 1 लीटर पानी में उबालें जब तक ये नरम न हो जाएं। सही से उबालने के बाद पानी छान लें और आंवलों को मिक्सर में पीसकर पेस्ट बना लें।

आंवले का पेस्ट तैयार करने के बाद एक कढ़ाई में गुड़ और थोड़ा पानी डालकर पकाएं जब तक कि यह पूरी तरह से पिघलकर चाशनी जैसा न बन जाए।

जब तक ये पिघल रहा है, तब तक सौंठ, काली मिर्च, दालचीनी, और अन्य मसालों को अलग-अलग बारीक पीस लें। इसके बाद एक अलग कढ़ाई में घी गरम करें। उसमें आंवला पेस्ट डालें और धीमी आंच पर 10-15 मिनट तक भूनें।

अब गुड़ का शीरा, मसालों का मिश्रण और पिसे हुए तुलसी पत्ते डालकर अच्छी तरह मिलाएं। इस मिश्रण को लगातार चलाते हुए धीमी आंच पर पकाएं।

जब यह च्यवनप्राश की गाढ़ा हो जाए तो आंच बंद कर दें। आखिर में जब मिश्रण ठंडा हो जाए, तब उसमें शहद और केसर डालकर मिलाएं। अब इसे आप एक कांच की बोतल में भर के रख सकते हैं।

## न्यूज इन ब्रीफ

### संघ प्रमुख मोहन भागवत ने विजयवाड़ा के दुर्गा मंदिर में पूजा-अर्चना की




**विजयवाड़ा :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने विजयवाड़ा स्थित श्री दुर्गा मल्लेश्वर स्वामी वरला देवस्थानम (दुर्गा मंदिर) में शनिवार को पूजा-अर्चना की। आंध्र प्रदेश में धर्मार्थ मामलों के मंत्री ए.रामनारायण रेड्डी ने यह जानकारी दी। रेड्डी ने 'पीटीआई-वीडियो' को बताया, ''संघ प्रमुख सुबह-सुबह दुर्गा मल्लेश्वर स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना करने आए और इस सरकार में धर्मार्थ मामलों का मंत्री होने के नाते उनका स्वागत करना मेरा कर्तव्य है और मेरे लिए सम्मान की बात है।'' मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना के बाद पुजारियों ने संघ प्रमुख को आशीर्वाद दिया और उन्हें भगवान की प्रतिमा भेंट करने के साथ लड्डू का प्रसाद दिया। इसके बाद धर्मार्थ मामलों के मंत्री और मंदिर के अधिकारियों ने भागवत को दुर्गा मंदिर के विकास कार्यों के बारे में जानकारी दी।

### जम्मू-कश्मीर में माता वैष्णो देवी तीर्थयात्रियों के लिए 'शुभ्रा भवन' का निर्माण पूरा

**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर में आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए उत्कृष्ट सुविधाओं से सुसज्जित एक अत्याधुनिक बहु-उपयोगी परिसर 'शुभ्रा भवन' का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और इसे अगले सप्ताह जनता को समर्पित किया जाएगा। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। नवनिर्मित सुविधा केंद्र 18,000 वर्ग फुट में फैला है और इसके निर्माण पर 6.50 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। अधिकारी ने कहा कि इसका उद्घाटन श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा द्वारा 18 दिसंबर को किया जाएगा।

# देश में 'संविधान बनाम मनुस्मृति' की लड़ाई, एकलव्य की तरह युवाओं का अंगूठा काटा जा रहा है: राहुल



**नयी दिल्ली :** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने हिंदुत्व विचारक विनायक दामोदर सावरकर के एक ''कथन'' का हवाला देते हुए भारतीय जनता पार्टी तथा सरकार पर तीखा प्रहार किया और आरोप लगाया कि जिस तरह एकलव्य का अंगूठा कटा था, उसी तरह से आज देश के युवाओं का अंगूठा काटा जा रहा है एवं आज देश में ''संविधान बनाम मनुस्मृति'' की लड़ाई है। राहुल गांधी ने लोकसभा में 'संविधान की 75 वर्ष की गौरवशाली यात्रा' पर चर्चा में भाग लेते हुए यह दावा भी किया कि सावरकर ने कहा था कि संविधान में कुछ भी भारतीय नहीं है और उन्होंने संविधान के मुकाबले मनुस्मृति को महत्व दिया था। उन्होंने सत्तापक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आज जब भाजपा के लोग संविधान की रक्षा की बात करते हैं तो वो अपने 'सुप्रीम लीडर' सावरकर का अपमान करते हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि विपक्षी दल सत्ता में आने पर जातिगत जनगणना करवाएंगे और आरक्षण की 50 प्रतिशत की ''दीवार'' को भी तोड़ेंगे। राहुल गांधी ने गुरु द्रोणाचार्य और एकलव्य की गाथा का उल्लेख करते हुए कहा कि जैसे एकलव्य का अंगूठा कटा था, उसी तरह सरकार पूरे देश के युवाओं का अंगूठा काट रही है। उन्होंने आरोप लगाया, ''जैसे एकलव्य ने तपस्या की थी, वैसे ही हिंदुस्तान के युवा सुबह उठकर अलग-अलग परीक्षा की तैयारी करते हैं। लेकिन जब आपने 'अग्निवीर' लागू किया, तब आपने उन युवाओं का अंगूठा काटा।'' राहुल गांधी ने कहा कि जब पेपर लीक होता है, तब हिंदुस्तान के युवाओं का अंगूठा काटा जाता है। राहुल गांधी ने कहा, ''आपने दिल्ली के बाहर किसानों पर आंसू गैस चलाई (का प्रयोग किया) है, लाठियां चलाई हैं। किसान आपसे एमएसपी की मांग करते हैं, लेकिन आप दो उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाते हैं और इस तरह से किसानों का अंगूठा काटने का काम करते हैं।''

### यदि समीक्षा न की जाए तो संस्थाओं और व्यक्तियों का पतन निश्चित है: धनखड़

**नयी दिल्ली :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने लोकतंत्र के लिए अभिव्यक्ति और संवाद के महत्व को रेखांकित करते हुए शनिवार को कहा कि यदि समीक्षा न की जाए तो संस्थाएं और व्यक्तियों का पतन निश्चित है। राज्यसभा के सभापति धनखड़ ने कहा, ...समीक्षा, स्व-समीक्षा बहुत महत्वपूर्ण है। यदि किसी सज्जन पुरुष या महिला को समीक्षा से दूर रखा जाता है, तो यह किसी व्यक्ति या संस्थान के पतन का सबसे निश्चित तरीका है। आप समीक्षा से दूर रहेंगे, तो आपका पतन सुनिश्चित है। इसलिए स्व-समीक्षा और दूसरों की समीक्षा आवश्यक है। राज्यसभा में विपक्षी दलों ने सभापति के रूप में पक्षपात करने का आरोप लगाते हुए धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया है। धनखड़ यहां भारतीय डाक एवं दूरसंचार लेखा एवं वित्त सेवा (आईपीएंडटीएएफएस) के 50वें स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

## राज कपूर की 100वीं जयंती: रिद्धिमा और रणबीर ने अपने 'प्यारे दादा' को किया याद



**मुंबई :** दिग्गज अभिनेता राज कूपर फिल्म जगत के लिए ''हिंदी सिनेमा के शोमैन थे'', लेकिन अभिनेता रणबीर कपूर और आभूषण डिजाइनर रिद्धिमा कपूर साहनी के लिए वह एक प्यारे दादा थे, जो अपने पोते-पोतियों को उनके गाल पर किस करने के बदले में कैरेमल टॉफियां देने का लालच देते थे। मशहूर अभिनेता, फिल्म निदेशक और निर्माता कपूर की 14 दिसंबर को 100वीं जयंती है। उन्होंने अपने 40 साल के करियर में 'आवारा', 'बरसात', 'श्री 420', 'मेरा नाम जोकर', 'सत्यम शिवम सुंदरम' और 'राम तेरी गंगा मैली' जैसी फिल्मों में काम किया है। रिद्धिमा ने अपने दादाजी को याद करते हुए कहा कि वह हमेशा एक स्नेही व्यक्ति थे जो अपने पोते-पोतियों को बहुत प्यार करते थे। रिद्धिमा जब सात साल की थीं तो राज कपूर का निधन हो गया था। राज कपूर की तीसरी संतान ऋषि कपूर और नीतू कपूर की बेटी रिद्धिमा ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए एक साक्षात्कार में कहा, ''हम अक्सर उनके कमरे में जा कर फ्रिज खंगालने लगते थे क्योंकि उसमें हमारे लिए चॉकलेट और अन्य चीजें रखी होती थीं।'' रिद्धिमा के छोटे भाई रणबीर ने कहा कि वह अपने दादाजी को ''नीली आंखों वाले बड़े आदमी'' के रूप में पहचानते हैं। अभिनेता ने पिछले महीने भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) में राज कपूर की 100वीं जयंती मनाने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कहा था, ''जब हम उनके घर जाते थे तो वह हमें अपने कमरे में ले जाते थे। वहां वह अपने फ्रिज में कैरेमल टॉफियां रखते थे। वह हम सभी को करीना, करिश्मा, मेरी बहन रिद्धिमा और मुझे एक कतार में खड़ा करते थे और हमें 'सलाम' करने के लिए और उनकी फिल्म 'आवारा' का गाना 'आवारा हूं' गाने के लिए कहते थे।

## ऋषिकेश में माथे पर तिलक लगाकर स्कूल पहुंची छात्रा को कक्षा में प्रवेश करने से रोका गया

**ऋषिकेश :** उत्तराखंड के ऋषिकेश में माथे पर तिलक लगाकर स्कूल पहुंची एक छात्रा को कथित तौर पर कक्षा में प्रवेश न करने देने की घटना सामने आई है। इस घटना से नाराज छात्रा के माता-पिता और कुछ हिंदू संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया, जिसके बाद स्कूल प्रधानाचार्य को माफी मांगनी पड़ी। स्कूली शिक्षा महानिदेशक झरना कामठान ने उत्तराखंड के टिहरी गढ़वाल जिले के मुख्य शिक्षा अधिकारी को भी मामले की जांच करने को कहा है। बताया जाता है कि कक्षा आठ की एक छात्रा को बुधवार को उसकी शिक्षिका ने माथे से तिलक हटाने को कहा और कहा कि स्कूल में इसकी अनुमति नहीं है। लड़की ने शिक्षिका की बात मान ली और तिलक हटाने के बाद कक्षा में उपस्थित रही, लेकिन बाद में उसने अपने माता-पिता को इस बारे में बताया। लड़की के माता-पिता बृहस्पतिवार को हिंदू संगठनों के साथ स्कूल में विरोध प्रदर्शन करने पहुंचे। विरोध प्रदर्शन में शामिल एक हिंदू संगठन के अध्यक्ष राजीव भटनागर ने कहा, ''शिक्षिका को लड़की को तिलक हटाने के लिए मजबूर नहीं करना चाहिए था। तिलक लगाना हिंदू परंपरा है। किसी हिंदू को तिलक लगाने से कैसे रोका जा सकता है?'' स्कूल प्रधानाचार्य द्वारा लड़की के माता-पिता के अलावा विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और राष्ट्रीय हिंदू शक्ति संगठन सहित प्रदर्शनकारी हिंदू संगठनों से माफी मांगे जाने के बाद मामला सुलझ गया।

## 'पुष्पा 2' के प्रीमियर के दौरान मौत का मामला: हैदराबाद की जेल से रिहा हुए अल्लू अर्जुन



**हैदराबाद :** फिल्म 'पुष्पा 2' के प्रीमियर के दौरान भगदड़ में एक महिला की मौत के मामले में गिरफ्तार किए गए तेलुगु अभिनेता अल्लू अर्जुन जेल में रात बिताने के बाद शनिवार सुबह जेल से रिहा हो गए। तेलंगाना उच्च न्यायालय से अंतरिम जमानत मिलने के बावजूद अर्जुन को शुक्रवार रात जेल में ही बितानी पड़ी क्योंकि अधिकारियों को देर रात तक जमानत आदेश की प्रति नहीं मिली थी। अल्लू अर्जुन के वकील अशोक रेड्डी ने चंचलगुडा जेल के बाहर संवाददाताओं से कहा, ''उन्हें रिहा कर दिया गया है।'' घर पहुंचने के बाद अल्लू अर्जुन ने अपने प्रशंसकों और देश भर के अन्य लोगों को उनके प्यार एवं समर्थन के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि वह कानून का पालन करने वाले नागरिक हैं तथा कानून का सम्मान करते हैं। उन्होंने पत्रकारों से कहा, ''मैं उनके साथ सहयोग करूंगा और जो भी जरूरी होगा वो करूंगा तथा सबसे महत्वपूर्ण बात मैं एक बार फिर परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करना चाहूंगा। यह (एक महिला की मौत) बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है।''

## न्यूज अपडेट

### भारत स्वतंत्र, समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए प्रतिबद्ध: सेना प्रमुख



**नयी दिल्ली :** सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने शनिवार को क्षेत्रीय स्थिरता और स्वतंत्र, खुले एवं समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र के प्रति भारत की प्रतिबद्धता दोहराई। सेना प्रमुख ने जापान में आयोजित थल सेना शिखर सम्मेलन को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। शिखर सम्मेलन में जापान, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया, फिलीपीन और दक्षिण कोरिया सहित कई देशों के सेना प्रमुख और वरिष्ठ जनरल ने भाग लिया। अपने संबोधन में जनरल द्विवेदी ने हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की सुरक्षा और रणनीतिक परिप्रेक्ष्य को रेखांकित किया और बहुराष्ट्रीय रक्षा सहयोग बढ़ाने के महत्व पर जोर दिया।

### उत्तरी बांग्लादेश में हिंदुओं की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने, तोड़फोड़ के आरोप में चार लोग गिरफ्तार

उत्तरी बांग्लादेश के सुनामगंज जिले में हिंदू समुदाय के घरों व दुकानों तथा स्थानीय लोकनाथ मंदिर में तोड़फोड़ कर उसे नुकसान पहुंचाने के आरोप में कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने शनिवार को चार लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने 12 नामजद सहित 150 से 170 लोगों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज किया है। अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार के कार्यालय से यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस महीने की शुरुआत में सुनामगंज जिले के दोराबाजार इलाके में तोड़फोड़ करने के आरोप में अलीम हुसैन (19), सुल्तान अहमद राजू (20), इमरान हुसैन (31) और शाहजहां हुसैन (20) को गिरफ्तार किया गया है।

### सेंको गोल्ड ने क्यूआईपी के जरिए 459 करोड़ रुपये जुटाए

**कोलकाता :** कोलकाता स्थित खुदरा आभूषण श्रृंखला सेंको गोल्ड लिमिटेड ने 40.8 लाख इक्विटी शेयर आवंटित करके पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के जरिए 459 करोड़ रुपये जुटाए हैं। सेंको गोल्ड ने शुक्रवार शाम शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी के बोर्ड की क्यूआईपी समिति ने 10 रुपये मूल्य के इक्विटी शेयरों के जारी करने और आवंटन को मंजूरी दे दी है। ये शेयर 1,125 रुपये प्रति शेयर की कीमत पर जारी किए गए हैं, जिसमें 1,115 रुपये का प्रीमियम भी शामिल है। कंपनी ने कहा कि क्यूआईपी के बाद कंपनी की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी 77.72 करोड़ रुपये (7.77 करोड़ शेयर) से बढ़कर 81.80 करोड़ रुपये हो गई है, जिसमें 8.18 करोड़ शेयर शामिल हैं। प्रमुख आवंटियों में, टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी के तहत चार कोषों ने निर्गम मूल्य का 14.49 प्रतिशत हिस्सा हासिल किया। एकल आधार पर, टाटा मल्टीकैप कोष को निर्गम मूल्य का 8.77 प्रतिशत के साथ सबसे बड़ा हिस्सा मिला। इसके बाद टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के इमर्जिंग ऑपर्च्युनिटीज फंड (6.40 प्रतिशत) और आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (6.54 प्रतिशत) का स्थान रहा। अन्य महत्वपूर्ण निवेशकों में बीओएफए सिक्योरिटीज यूरोप एसए (5.23 प्रतिशत), बैंक ऑफ इंडिया फ्लेक्सी कैप फंड (5.07 प्रतिशत), कार्नेलियन भारत अमृतकाल फंड (5.01 प्रतिशत) और बंधन स्मॉल कैप फंड (5.01 प्रतिशत) शामिल हैं। बयान में कहा गया है कि जुटाई गई धनराशि से आभूषण श्रृंखला को अपनी वृद्धि और विस्तार में मदद मिलेगी, जिसकी योजना हर साल 18-20 स्टोर जोड़ने की है।

### केजरीवाल ने बुजुर्गों की पेंशन रोक दी, दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण पर ध्यान नहीं दिया: मनोज तिवारी

**नयी दिल्ली :** दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद मनोज तिवारी ने आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए उन पर राष्ट्रीय राजधानी के महत्वपूर्ण मुद्दों की उपेक्षा करने का आरोप लगाया। तिवारी ने 'आप' सरकार की आलोचना करते हुए दावा किया कि दिल्ली में पिछले एक दशक में जल प्रदूषण से 21,000 लोगों की मौत हुई। उन्होंने कहा कि केजरीवाल प्रदूषण की गंभीर होती समस्या से निपटने में विफल रहे, उन्होंने बुजुर्गों की पेंशन बंद कर दी तथा गरीबों के लिए राशन कार्ड जारी करने में भी लापरवाही बरती।

## बिहार, ओडिशा और केरल के 11 जिलों पर बाढ़ और सूखे का खतरा : आईआईटी जलवायु रिपोर्ट

**नयी दिल्ली :** पटना (बिहार), अलपुझा (केरल) और केंद्रपाड़ा (ओड़िशा) सहित तीनों राज्यों के कम से कम 11 जिले ऐसे हैं जहां पर बाढ़ और सूखा दोनों का 'प्रबल खतरा' है और इससे निपटने के लिए तत्काल उपाय किये जाने की जरूरत है। यह खुलासा दो भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) द्वारा संकलित जलवायु जोखिम मूल्यांकन रिपोर्ट में किया गया है। यह रिपोर्ट भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) गुवाहाटी और मंडी द्वारा बेंगलुरु स्थित विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नीति अध्ययन केंद्र (सीएसटीईपी)के सहयोग से तैयार की गई है। ''भारत के लिए जिला स्तरीय जलवायु जोखिम आकलन: आईपीसीसी मसौदे का उपयोग करते हुए बाढ़ और सूखे के जोखिम का मानचित्रण'' शीर्षक से जारी रिपोर्ट के अनुसार, भारत के 51 जिले ''बहुत उच्च'' बाढ़ के जोखिम का सामना कर रहे हैं, तथा 118 को ''उच्च'' जोखिम की श्रेणी में रखा गया है। रिपोर्ट के मुताबिक संवेदनशील क्षेत्रों में असम, बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, गुजरात, ओडिशा और जम्मू-कश्मीर शामिल हैं।

## संभल जिला प्रशासन ने अतिक्रमण रोधी अभियान के दौरान पुराने मंदिर को खोला



**जम्मू :** संभल (उप्र) : संभल जिला प्रशासन ने शनिवार को नखासा पुलिस थाने के अंतर्गत खग्गू सराय इलाके में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान के तहत 46 साल से बंद बताये जा रहे भस्म शंकर मंदिर को खोला, जिसमें हनुमान की एक मूर्ति और एक शिवलिंग था। क्षेत्र में बिजली चोरी के खिलाफ अभियान का नेतृत्व कर रहीं उप जिलाधिकारी वंदना मिश्रा ने कहा, 'क्षेत्र का निरीक्षण करते समय, हम अचानक इस मंदिर में पहुंचे। इसके बाद मैंने तुरंत जिले के अधिकारियों को सूचित किया। फिर हमने मंदिर को फिर से खोलने का फैसला किया।' स्थानीय लोगों का दावा है कि 1978 में सांप्रदायिक दंगों के बाद हिंदू समुदाय के सदस्यों के यहां से पलायन करने के बाद से ही यह मंदिर बंद था। मिश्रा ने बताया कि स्थानीय निवासियों ने पुष्टि की है कि यह मंदिर 1978 से बंद था। उन्होंने बताया कि मंदिर के पास एक कुआं भी है और अधिकारी उसके जीर्णोद्धार की योजना बना रहे हैं। स्थानीय निवासियों ने मंदिर से जुड़ी अपनी यादें साझा कीं। संभल जिले के कोट गर्वी के निवासी मुकेश रस्तोगी ने कहा, हमने हमारे पुरखों से इस मंदिर के बारे में काफी कुछ सुना था। यह एक प्राचीन मंदिर है, लेकिन यह लंबे समय से बंद था। चूंकि एक वर्ग विशेष समुदाय के लोग वहां रहते हैं, इस वजह से वह मंदिर बंद पड़ा था। उन्होंने कहा कि 1978 में संभल में हुए दंगों के बाद से यह मंदिर बंद रहा है, हमने सुना है कि यह कम से कम 500 साल पुराना होगा।




# तीसरा टेस्ट : पहले दिन बारिश ने डाला खलल, आस्ट्रेलिया की अच्छी शुरूआत



**ब्रिसबेन :** स्थानीय सितारे उस्मान ख्वाजा और युवा नाथन मैकस्वीनी ने अच्छी रक्षात्मक तकनीक का प्रयोग करके जसप्रीत बुमराह के पहले स्पैल को संभलकर खेला लेकिन तीसरे टेस्ट के पहले दिन बारिश के कारण सिर्फ 13.2 ओवर फेंके जा सके जिसमें आस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ बिना किसी नुकसान के 28 रन तक बना लिये। खराब मौसम के कारण पहले सत्र के बाद कोई खेल नहीं हो सका। मौसम विभाग ने अगले चार दिन भी बारिश का अनुमान जताया है। ख्वाजा 47 गेंद में 19 और मैकस्वीनी 33 गेंद में चार रन बनाकर खेल रहे हैं। टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनने वाले भारतीय कप्तान रोहित शर्मा खुश होंगे कि आस्ट्रेलियाई सलामी जोड़ी ज्यादा रन नहीं बना सकी लेकिन उनके गेंदबाजों ने बल्लेबाजों को खेलने के लिये मजबूर ही नहीं किया। अधिकांश गेंदें बल्लेबाजों ने छोड़ना ही मुनासिब समझा। जब लग रहा था कि भारतीय गेंदबाज आक्रमण के मूड में हैं, बारिश हो गई और गेंदबाजों की लय टूट गई। बारिश के कारण लंच ब्रेक जल्दी ले लिया गया और पहले सत्र में 13 .2 ओवर ही फेंके जा सके। इससे पहले भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। भारत के लिये जसप्रीत बुमराह ने छह ओवर में आठ रन दिये जबकि मोहम्मद सिराज ने चार ओवर में 13 रन दिये। बुमराह का इस श्रृंखला में यह सबसे औसत प्रारंभिक स्पैल है। पिच से उछाल मिलने के बावजूद उन्होंने छह ओवरों के पहले स्पैल में विकेट लेने वाली ज्यादा गेंदें नहीं डाली जबकि सिराज ने ज्यादातर शॉर्टपिच गेंदें फेंकी।

## महिला टी20 : खराब फॉर्म से जूझ रही भारतीय टीम का सामना अब वेस्टइंडीज से

**नवी मुंबई :** लगातार आलोचना का सामना कर रही हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम को आस्ट्रेलिया दौरे पर तीनों वनडे मैच हारने के गम को भुलाकर रविवार से यहां वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू हो रही तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में बेहतर प्रदर्शन करके जीत की राह पर लौटना होगा। भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ नवंबर 2019 से अब तक टी20 प्रारूप में सभी आठ मैच जीते हैं। लेकिन इस लय को बनाये रखने के लिये भारतीय टीम को आत्मविश्वास के साथ उतरना होगा और अपने संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल करना होगा। आस्ट्रेलिया में वनडे श्रृंखला के दौरान चयन के कई विवादित फैसलों के कारण हरमनप्रीत पर सवाल उठे हैं। देखना यह है कि कब तक चयनकर्ता उन पर भरोसा बनाये रखते हैं और स्मृति मंधाना को बागडोर सौंपने के लिये इंतजार करते हैं। टी20 विश्व कप से जल्दी बाहर होने के बाद भारत की यह पहली टी20 श्रृंखला है। भारत ने न्यूजीलैंड को घरेलू वनडे श्रृंखला में हराया था लेकिन आस्ट्रेलिया में 3 . 0 से पराजय का सामना करना पड़ा। हरमनप्रीत का अपना बल्लेबाजी फॉर्म चिंता का सबब है और कप्तानी में कुछ नया नहीं कर पाने से भी टीम की मुश्किलें बढी है। चयनकर्ताओं ने एक बार फिर शेफाली वर्मा को जगह नहीं दी है हालांकि भारत में टी20 क्रिकेट में उनका प्रदर्शन अच्छा रहा है। आस्ट्रेलिया में पर्थ में बुधवार को आखिरी वनडे हारकर लौटी भारतीय टीम को पर्याप्त आराम नहीं मिला है और उसे रविवार को यहां डी वाई पाटिल स्टेडियम पर पहला मैच खेलना है।

## टिम साउदी ने टेस्ट में क्रिस गेल के छक्कों की बराबरी की



**हैमिल्टन :** न्यूजीलैंड के अनुभवी खिलाड़ी टिम साउदी ने शनिवार को यहां अपना 98वां छक्का जड़कर टेस्ट क्रिकेट में वेस्टइंडीज के महान खिलाड़ी क्रिस गेल के छक्कों की संख्या की बराबरी की और सर्वकालिक सूची में संयुक्त चौथे स्थान पर पहुंच गये। साउदी अपना 107वां और आखिरी टेस्ट खेल रहे हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के आखिरी टेस्ट के शुरुआती दिन तीन छक्के जड़ कर गेल की बराबरी की। उन्होंने इस दौरान दस गेंद में 23 रन बनाये। यूजीलैंड ने पहले दिन का खेल खत्म होने तक नौ विकेट पर 315 रन बना लिये। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स 110 टेस्ट मैचों में अब तक 133 छक्कों के साथ सर्वकालिक सूची में शीर्ष पर हैं। उनके बाद न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ब्रेंडन मैकुलम है जिनके नाम 101 मैचों में 107 छक्के हैं। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज एडम गिलक्रिस्ट 96 टेस्ट मैचों में 100 छक्के के साथ तीसरे स्थान पर है।

### सिंगापुर में भारतीय समुदाय ने गुकेश की ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाया

**सिंगापुर :** डी गुकेश को शतरंज का नये विश्व चैंपियन बनने पर शनिवार को यहां भारतीय समुदाय द्वारा सम्मानित किया गया। वह महज 18 साल में इस खेल के इतिहास में सबसे कम उम्र के खिताब जीतने वाले खिलाड़ी बन गये है। गुकेश ने गुरुवार को सिंगापुर में चीन के डिंग लिरेन को हराकर विश्व खिताब जीता। उन्होंने 14 बाजियों के मुकाबले को 7.5-6.5 से अपने नाम किया। भारतीय उच्चायोग द्वारा यहां आयोजित एक स्वागत समारोह में उच्चायुक्त डॉ. शिल्पक अंबुले के नेतृत्व में भारतीय समुदाय के लगभग 150 सदस्यों ने उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर अंबुले ने कहा, ''यह गुकेश की जीत थी, चाहे कोई कुछ भी कहें।''

## भारत ने जापान को हराकर महिला जूनियर एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया



**मस्कट :** गत चैंपियन भारत ने शनिवार को यहां जापान पर 3-1 की जीत के साथ अपना दबदबा कायम रखते हुए महिला जूनियर एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश कर लिया। मुमताज खान (चौथे), साक्षी राणा (पांचवें), दीपिका (13वें) ने पहले क्वार्टर में गोल किए जबकि जापान के लिए निको मारुयामा ने 23वें मिनट में सांत्वना गोल किया। ज्योति सिंह की अगुवाई वाली भारतीय टीम के लिए शुरुआती क्वार्टर में यह एकतरफा रहा जब सुनलिता टोप्पो ने खेल के दूसरे मिनट में खतरनाक गेंद को रोकने के लिए तेजी से दौड़कर जापान के ड्रैग-फ्लिक के अवसर को विफल कर दिया। भारत ने दो मिनट बाद गलती का फायदा उठाकर बढ़त बना ली। एक मिनट बाद साक्षी राणा ने एक और मैदानी गोल करके गत विजेता को 2-0 से आगे कर दिया। भारत ने ग्रुप मैच में चीन से मिली हार से सबक सीखा। पहले क्वार्टर में दो मिनट रहते भारत को एक पेनल्टी स्ट्रोक मिला जिसे दीपिका ने गोल में बदलकर स्कोर 3-0 कर दिया। दूसरे क्वार्टर में जापान ने कुछ मौकों पर प्रतिद्वंद्वी सर्कल में घुसने की कोशिश की, लेकिन मजबूत डिफेंस के कारण उन्हें नाकाम कर दिया गया। जापान की खिलाड़ियों ने आखिरकार 23वें मिनट में पहला गोल किया जिससे अंतर कम हुआ और अंत तक यही स्कोर रहा। खिताबी मुकाबले में भारत का सामना चीन और दक्षिण कोरिया के बीच दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा।

